नई दिल्ली
बुधवार 14 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 272
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 22
न्यून. 09

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं








### जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से लगी सीमा पर हालात 'संवेदनशील', लेकिन नियंत्रण बरकरार

# ऑपरेशन सिंदूर के शुरुआती 22 मिनट में चारों खाने चित हुआ दुश्मन...जमीनी जंग की भी थी तैयारी: सेनाप्रमुख

- किसी मुगालते में ना रहे दुश्मन, जारी है ऑपरेशन सिंदूर। हर नापाक हरकत का मिलेगा मुंहतोड़ जवाब
- डीजीएमओ वार्ता में दिया दो टूक संदेश, सीमा पार से ड्रोन का आना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा
- 15 जनवरी को सेनादिवस के पूर्व में राजधानी में हुए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में बोले सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को सात महीने से अधिक बीत चुके हैं। लेकिन इसका मतलब ये कतई नहीं है कि भारत या उसकी 12 लाख से अधिक संख्याबल वाली थलसेना के तेवर सीमाई मोर्चे पर ढीले पड़ चुके हैं...यह अभियान आज भी जस का तस जारी है, सेना भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पूरी मजबूती से डटी हुई है। इसलिए अब अगर दुश्मन ने दोबारा कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे उसका बेहद गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। वैसे, पहले ही हमने पाकिस्तान की परमाणु हमले की धमकी को हवा-हवाई साबित ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 7 से 10 मई 2025 तक चला अभियान

यहां बता दें कि पिछले साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान के इशारे पर पहलगाम में आतंकियों ने कुल 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर बर्बरता से जान ले ली थी। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली थी। जवाब, भारत ने सटीकता के साथ 6-7 मई की मध्यरात्रि से 10 मई तक ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के कुल 100 से अधिक आतंकवादियों का ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 88 घंटे के अभियान में निर्णायक '22 मिनट'

सेनाप्रमुख ने कहा कि बेहद सटीकता से योजना बनाकर क्रियान्वित किया गया ऑपरेशन सिंदूर अभियान कुल 88 घंटे तक चला था। लेकिन इसके शुरुआती 22 मिनट निर्णायक साबित हुए। जिसमें हमारी सशस्त्र सेनाओं ने अपने बेहतरीन समन्वय के साथ किए गए ताबड़तोड़ हमलों (गहराई से ध्वस्त हुए आतंकी अड्डे, अहम सैन्य ठिकाने-प्रतिष्ठान, एयरबेस शामिल) से दुश्मन की कमर तोड़ दी थी और उसे इस बात का अहसास हो गया था कि अब भारत के सामने सिर झुकाने में ही भलाई है। यही वो मौका था, जिसके बाद मची अफरातफरी में पाकिस्तान ने अमेरिकी दूतावास में करीब 50 बार फोन घुमाया था। फिर कोई जवाब हाथ न आता देख उसने संघर्षविराम की पहल की, जिसे भारत ने स्वीकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 31 आतंकी मारे, सक्रिय हैं 8 कैंप

उन्होंने बताया कि बीते साल में हमने कुल 31 आतंकवादियों को मार गिराया है। इनमें पहलगाम हमले के 3 गुनहगारों (ऑपरेशन महादेव से मारा) समेत कुल 65 फीसदी पाकिस्तान के रहने वाले थे। सक्रिय आतंकियों की संख्या सिंगल डिजिट में है। साथ ही पश्चिमी सीमा पर दुश्मन के इलाके में इस वक्त सक्रिय कुल 8 आतंकी शिविरों में कुल करीब 100 से 150 आतंकवादियों की मौजूदगी हो सकती है। पाकिस्तान या उसकी राजनीतिक कथाओं का मसला है, तो वो पूरी तैयारी कर रहे हैं। पड़ोसी शत्रु लगातार उन लोगों को समर्थन दे रहा है। जो न केवल लगातार चरमपंथ और कट्टरता को बढ़ावा देते हैं। बल्कि लोगों को बरगलाकर सीमा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अब ईरान का नाम लेकर ट्रंप ने भारत को दी 25% और टैरिफ लगाने की धमकी

# पहले ही रूस से तेल खरीद पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ से त्रस्त है भारत, जो बढ़कर होगा 75%

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वेनेजुएला पर अवैध कब्जे की कोशिशों के बीच...अमेरिका के नेताओं और उसके राजनयिकों के बयानों में बना हुआ कथनी और करनी का अंतर मंगलवार को उस वक्त खुलकर धरातल पर आ गया। जब दुनिया के इस सबसे ताकतवर मुल्क ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले सभी देशों पर 25 फीसदी और टैरिफ लगाने की धमकी दी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा कर कहा, 'जो भी देश ईरान के साथ व्यापार करेगा, उसे तत्काल प्रभाव से अमेरिका को 25 फीसदी टैरिफ देना पड़ेगा'। यह अंतिम और निर्णायक फैसला है। जिसका सीधा असर भारत, चीन, तुर्किये, आर्मेनिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान जैसे देशों पर पड़ेगा। क्योंकि यह सभी ईरान के बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। भारत के लिए मामला ज्यादा चिंताजनक इसलिए है। क्योंकि वो पहले से अमेरिका द्वारा रूस से चल रही कच्चे तेल की खरीद पर नाराजगी के साथ लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की मार झेल रहा है। जिसमें 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग शामिल है। ऐसे में अगर अब ईरान के मसले पर दी गई राष्ट्रपति ट्रंप की नई धमकी सच साबित हुई तो भारत पर अमेरिका की तरफ से लगने वाला कुल टैरिफ 75 फीसदी हो जाएगा। उधर, इस मामले को लेकर यहां नई दिल्ली में पत्रकारों ने दिनभर ▶▶ शेष पेज 5 पर



### हम ईरान को चीनी चावल देते, मेवे लेते

आधिकारिक आंकड़ों की माने तो वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईरान के बीच हुआ कुल व्यापार लगभग 1.68 डॉलर का रहा है। जिसमें भारत से ईरान भेजे गए यानी निर्यात किए गए सामान की भागीदारी 1.24 बिलियन डॉलर की रही। जबकि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रतिबंधित है चाबहार परियोजना

बताते चलें कि अमेरिका ने गुजरे वक्त में ईरान के चाबहार बंदरगाह में जारी ढांचागत परियोजनाओं के निर्माण पर भी पाबंदियां लगाने की घोषणा की थी। जिसका प्रभाव भारत पर भी पड़ा है। क्योंकि इस ईरानी बंदरगाह के निर्माण और विकास कार्य में भारत शामिल है। चाबहार के जरिए नई दिल्ली अपना व्यापार सीधे केंद्रीय एशियाई देशों से होते हुए यूरोप तक लेकर जाने की इच्छुक है। इसी मार्ग से अफगानिस्तान तक भी बेरोकटोक ढंग से जरूरी सामान की सप्लाई की जा सकती है।

### गोर के बयान पर लगा प्रश्नवाचक चिन्ह

गौरतलब है कि ईरान के नाम पर अमेरिका की 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की ये धमकी एक ऐसे समय में दी गई है। जब बीते सोमवार को नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने अपने पहले सार्वजनिक भाषण में यह घोषणा की थी कि अमेरिका के लिए भारत से जरूरी और कोई देश नहीं है। दोनों देशों पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को क्रियान्वित करने के लिए सक्रियता के साथ एक-दूसरे के संपर्क में बने हुए हैं। हमारे बीच संबंध काफी पुराने हैं और इनमें लगातार सुधार जारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच की दोस्ती को सच्ची बताते हुए कहा था कि यह मतभेदों का हल निकालने में भी मददगार साबित होगी। गोर ने यह दावा किया कि सच्चे दोस्तों के बीच मतभेद हो सकते हैं, जिनका वो अंत में हल निकाल ही लेते हैं।






### 10 मिनट की डिलीवरी डेडलाइन खत्म, मकसद पार्टनर्स की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़े नीतिगत बदलाव के तहत केंद्र सरकार ने 10 मिनट की डिलीवरी की अनिवार्य समय सीमा को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद, ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स ने इस दबावपूर्ण डेडलाइन को हटाने पर सहमति व्यक्त की है। यह कदम सीधे तौर पर लाखों गिग वर्कर्स की सुरक्षा और उनके कामकाजी हालातों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। ब्लिंकिट ने अपनी ब्रांडिंग से 10 मिनट का वादा हटा दिया है। कंपनी ने अपनी प्रमुख टैगलाइन को बदलकर अब 30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर वितरित कर दिया है। इस नीतिगत बदलाव के पीछे मुख्य कारण डिलीवरी पार्टनर्स पर पड़ने वाला मानसिक और शारीरिक दबाव है। सार्वजनिक मंचों पर यह बहस तेज थी कि अत्यधिक दबाव और कभी-कभी खराब मौसम की स्थिति में ये कर्मचारी दर्द और दुख का सामना करते हैं। संसद के हालिया सत्र में भी क्विक कॉमर्स कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए थे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गिग वर्कर्स के लिए उचित वेतन, सम्मान और सुरक्षा की मांग करते हुए नियामक ढांचे की ▶▶ शेष पेज 5 पर




## दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में की गई छापेमारी

# ऑपरेशन गैंग बस्ट के तहत 48 घंटे में 854 अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और अन्य यूनिट्स की टीमों ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लगातार 48 घंटे तक छापेमारी कर 854 शातिर अपराधी दबोचे। ऑपरेशन गैंग बस्ट 2026 संगठित अपराध के खिलाफ दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई रही। चार हजार से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे गए और 6500 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया। इनसे भारी मात्रा में हथियार, कारतूस, नकदी, नशीले पदार्थ, शराब, वाहन और मोबाइल जब्त किए गए।

एडिशनल सीपी (स्पेशल सेल) प्रमोद सिंह कुशवाहा के अनुसार गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने 'गैंग-बस्ट 2026' नाम से एक बड़ा संगठित अपराध विरोधी अभियान चलाया। इसका मकसद दिल्ली में सक्रिय बड़े और छोटे संगठित अपराध सिंडिकेट के सभी वांछित, संदिग्ध या घोषित बदमाशों का पता लगाना, उन्हें हिरासत में लेना और न्याय के कटघरे में लाना था। यह अभियान एक साथ समन्वित व जमीनी स्तर पर और 48 घंटे तक चला। इस बड़े अभियान का एक छिपा हुआ मकसद किसी भी विध्वंसक, राष्ट्र-विरोधी या आतंकवादी तत्व को ऐसे नेटवर्क से संपर्क करने या मदद लेने से रोकना था, ताकि वे आने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को बाधित करने की कोशिश न कर सकें। कुशवाहा ने बताया कि 9 जवरी को रात 8 बजे से 11 जनवरी को रात 8 बजे तक जिला पुलिस, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के नौ हजार से ज्यादा पुलिस अफसर व कर्मचारियों को दिल्ली एनसीआर में सक्रिय 'संगठित अपराध सिंडिकेट' के सदस्यों के ठिकानों पर समन्वित छापे मारने के लिए तैनात किया गया था। छापों के दौरान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में ऐसे 'संगठित अपराध सिंडिकेट' (बड़े और छोटे गिरोह) के सदस्यों के 4000 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे गए और 6500 से ज्यादा लक्षित व्यक्तियों को पकड़ा गया। इस गहन कार्रवाई के परिणामस्वरूप 48 घंटे में 690 एफआईआर दर्ज की गई विभिन्न धाराओं और एक्ट में 854 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### किस गिरोह के कितने बदमाश दबोचे

पुलिस के अनुसार कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के 14, जीतेन्द्र मान उर्फ गोगी 13, काला जठेडी-अनिल छिप्पी गिरोह के 9, हैरी बॉक्सर-अनमोल बिस्नोई गिरोह के दो, नीरज बवाना गैंग के पांच, हिमांशु उर्फ भाऊ गिरोह के दो, हाशिम बाबा गैंग के पांच, रोहित चौधरी दो, राजेश बवानिया दो, मंजीत महल-अशोक प्रधान चार, गोल्डी बरार-रोहित गोदारा एक, टिल्लू गिरोह के सात, सद्दाम गौरी-सलमान त्यागी सात और कई छोटे गिरोह 207 बदमाश दबोचे गये। इस प्रकार कुल 280 बदमाश अरेस्ट हुये। इस ऑपरेशन गैंग-बस्ट से पहले दिल्ली पुलिस ने 2025 के पिछले चार महीनों में दिल्ली एनसीआर में काम करने वाले संगठित अपराध सिंडिकेट के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया था। 1 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर तक कई ऑपरेशन किये गये जिनमें कई बदमाश मारे गये और कई सलाखों के पीछे पहुंचाये। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी में सात गैंगस्टर मारे गये और 21 घायल हुये। मकोका मामलों में गिरफ्तार गैंगस्टरों की संख्या 34 रही। गैर मकोका मामलों में गिरफ्तार गैंगस्टरों का आंकड़ा 149 था। विदेश से दो गैंगस्टर डिपोर्ट किए गए थे। गैंगस्टरों के खिलाफ अनुपस्थिति में नौ ट्रायल चलाये गये। गैंगस्टरों और संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्यों के घरों और ठिकानों पर 539 छापे मारे गए। गैंगस्टरों से हथियारों की कुल बरामदगी 118 रही। इन गैंगस्टरों से छापे में बरामद कुल नकद 1.014 करोड़ थी। इन गैंगस्टर्स से 1.3 किलो सोना और 14 किलो चांदी भी बरामद हुई थी।

## 15 करोड़ की ठगी में शामिल आठ साइबर धोखेबाज अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिला पुलिस ने दिल्ली से मुरादाबाद और बरेली तक फैले साइबर क्राइम सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। आठ आरोपी गिरफ्तार कर उनके पास से चार लाख 70 हजार रुपये नकदी, सात डेबिट कार्ड, 14 मोबाइल और 20 सिम कार्ड बरामद हुये। कुल 85 फर्जी बैंक खातों का पता लगाया गया। यह गिरोह लगभग 600 से ज्यादा एनसीआरपी शिकायतों से जुड़ा पाया गया। अब तक 15 करोड़ रुपये के कई संदिग्ध लेन-देन का पता चला है। अन्य पीड़ितों की पहचान की जा रही है।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार पांडव नगर थाने में गत वर्ष 20 नवंबर को केस दर्ज किया गया था। ऑपरेशन साइबर हॉक के दौरान एक शिकायत में यस बैंक मयूर विहार फेज-1 ब्रांच नई दिल्ली में रखे गए एक म्यूल बैंक खाते का विवरण मिला। पीड़ित सोरना सुंदरी निवासी सिंगारा स्ट्रीट, अरियालुर तमिलनाडु ने अपनी शिकायत में बताया कि 26 सितंबर को उपरोक्त पीड़ित के बैंक खाते में छह हजार रुपये धोखाधड़ी से जमा किए गए थे। जांच के दौरान उपरोक्त बैंक खाते का केवाईसी और अकाउंट स्टेटमेंट प्राप्त किया गया और उसका विश्लेषण किया गया। खाताधारक का विवरण मोहम्मद वसीम निवासी शालीमार गार्डन मेन, साहिबाबाद, गाजियाबाद के रूप में सामने आया। उसके नाम पर एक्सिस बैंक, फेडरल बैंक और आरबीएल बैंक में चार और म्यूल बैंक खातों का भी पता चला। इसके अलावा उसके खिलाफ 39 और एनसीआरपी शिकायतें दर्ज पाई गई। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि आरोपी वसीम अपने साथियों के साथ एक संगठित साइबर क्राइम गैंग का हिस्सा है। इसके बाद पांडव नगर थाने में केस दर्ज किया गया था। टीम ने साइबर क्राइम से मिले पैसे के इस्तेमाल और निपटान में इस्तेमाल किए गए म्यूल अकाउंट के स्टेटमेंट का विश्लेषण किया। अब तक इस मामले में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो अपने साइबर क्राइम सिंडिकेट को म्यूल बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे। साइबर क्राइम के पैसे कई ट्रांजैक्शन लेयर्स में ट्रांसफर किए जाते हैं और आखिर में क्रिप्टो प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए पैसों को यूएसडीटी में बदल दिया जाता था। आरोपियों से पूछताछ में यह भी पता चला है कि उन्हें चीन में बैठे ऑपरेटर्स से यूएसडीटी के रूप में अपना हिस्सा मिलता है, जिसके बारे में उनके मोबाइल डिवाइस से क्रिप्टो वॉलेट आईडी भी बरामद की गई हैं। पकड़े गये आरोपियों के नाम वसीम, तोसीन मलिक, साबिर, फुरकान, साहिबे-आलम, मो. जावेद और मो. राजा कादरी व नूर मोहम्मद है।

## कांग्रेस ने भाजपा से पूछा क्या हुआ तेरा वादा, यमुना सफाई व विधानसभा सत्र पर उठाए गंभीर सवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए यमुना सफाई, केजरीवाल पर कार्रवाई, सुरक्षा आदि से लेकर विधानसभा सत्र में समय व पैसा बर्बाद करने पर कई सवाल उठाते हुए कहा है कि क्या हुआ तेरा वादा। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने प्रेसवार्ता में कहा कि चुनाव से पहले व सत्ता में आने के बाद यमुना की सफाई करने का दावा पूरी भाजपा कर रही थी। लेकिन अब तक यमुना इंच भी साफ नहीं हुई है। अनिल ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता बताए कि यमुना एक इंच भी साफ नहीं हुई है, ऐसे में क्रूज चलाने का क्या मतलब है। बिना साफ पानी यमुना में फ्लो यानी बहाव नहीं है, अभी भी यमुना लबालब गाद और बदबूदार पानी से भरी है। ऐसे में सरकार दावा कर रही है कि अगले महीने तक यमुना में क्रूज चलाएगी, यह कैसे संभव होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह लोगों से झूठ बोल रही है। उन्होंने एक अन्य सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली में साइबर जालसाजी अब नए जमाने की डकैती का रूप ले चुकी है, लेकिन सरकार आंखे बंद किए बैठी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा रैन बसेरों की दयनीय स्थिति का स्वत संज्ञान लेकर अधिकारियों को रैन बसेरों में रात बिताने के लिए कहना दिल्ली की भाजपा सरकार के लिए बेहद शर्मनाक बात है। भारद्वाज ने सीएम रेखा को घेरते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा का 5 दिवसीय शीतकालीन सत्र केवल दिल्ली की जनता के खुन पसीन की कमाई की बर्बादी से ज्यादा कुछ नहीं हुआ। क्योंकि सदन में जनता से जुड़े और उनके कल्याण से संबधित एक भी मुदे पर चर्चा तक नहीं हुई। आम आदमी पार्टी और भाजपा पूरे सत्र के दौरा नूरा कुश्ती में ही लगे रहे। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा दिल्ली चुनाव में यमुना सफाई, प्रदूषण मुक्त वातवारण, स्वच्छ निर्मल पेयजल, दुरुस्त कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली सहित गरीबों, वंचितों के कल्याण और सुविधाएं देने के लिए बड़े-बड़े वायदे किए थे। लेकिन रेखा गुप्ता सरकार के पहले वर्ष के सभी सत्र समाप्त होने के बाद जो हालात बिलकुल वैसे ही दिखाई दे रहे है जो पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान थे। केजरीवाल सरकार भी जनता से झूठे वायदे और घोषणाएं करते रही, यही हाल रेखा सरकार का है। भारद्वाज ने कहा कि पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा फरवरी में यमुना में क्रूज चलाने का बयान पूरी तरह से गुमराह करने वाला है। ताकि जनता गंदे नाले, सीवर और औद्योगिक कचरे का बोझ ढो रही मैली और प्रदूषित यमुना की बात न करे। उन्होंने कहा कि वास्तविकता में यमुना में पानी का फ्लो उस स्तर पर है ही नहीं कि नदी में क्रूज चल सकें।

## पीतमपुरा में कबाड़ में आग लगने से दो लोगों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पीतमपुरा गांव में मंगलवार को कबाड़ के ढेर में भीषण आग लग गयी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन झुलसे लोगों का इलाज चल रहा है। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला कि सभी लोग बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले थे। वे आसपास के बाजारों से बेकार कार्डबोर्ड और गत्ते इकट्ठा करके वहां स्टोर करते थे। वह कबाड़ के पास ही टिन की झोपड़ियां बनाकर रहते थे। रानीबाग थाने की पुलिस मामले में जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार आग लगने के संबंध में मंगलवार तड़के पीसीआर ने सूचना दी। आग एक खाली भूखंड में लगी थी, जहां अस्थायी टिन शेड के नीचे कार्डबोर्ड और गत्ते रखे हुए थे। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचित किया। छह दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों की अधिक मात्रा के कारण आग तेजी से फैली। दमकलकर्मियों ने अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया। बचाव अभियान के दौरान घटनास्थल पर पांच लोग झुलसे हुए पाए गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए जहांगीरपुरी स्थित बाबू जगजीवन राम (बीजेआरएम) अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से बिरेश और सतीश को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि शेष तीन का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि वे आसपास के बाजारों से बेकार कार्डबोर्ड और गत्ते इकट्ठा करके बेचते थे। घायल दिनेश ने बताया कि उसने बिरेश और सतीश को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग की तेज लपटों के कारण ऐसा नहीं कर पाया। पुलिस ने बताया कि मौके पर जांच में पता चला कि वहां चार टिन शेड थे, जिनमें से दो आग में पूरी तरह जल गए थे। बड़ी मात्रा में अत्यधिक ज्वलनशील कबाड़ सामग्री होने के कारण, आग तेजी से फैली। जिला क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और आगे की जांच के लिए सबूत इकट्ठा किए। आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया है। शवों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बीजेआरएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है।

### नरेला औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। नरेला औद्योगिक क्षेत्र में प्लास्टिक दाना बनाने वाली एक फैक्टरी में मंगलवार को आग लग गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। लेकिन फैक्टरी में रखा लाखों का माल खाक हो गया। आग लगने के कारणों की पुलिस पड़ताल कर रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह लगभग सात बजकर लगभग 15 मिनट पर फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। पानी के पांच टैंकर मौके पर भेजे गए। आग की तीव्रता स्पष्ट होते ही अतिरिक्त अग्निशमन इकाइयों को भी सेवा में लगाया गया। आखिर में कुल 21 अग्निशमन वाहन आग बुझाने के लिये तैनात किए गए। सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश पुत्रः राजपाल पताः झुग्गी नं.–3, बी ब्लॉक, मीरा बाग, पश्चिम विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 26792/2022 U/s 379/411/34 IPC, थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 26792/2022 U/s 379/411/34 IPC, थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.03.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/360/RD/2026 (Court Matter)



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ इंदु** पुत्र किशन पाल उर्फ कृष्ण पाल, निवासी- मकान नंबर 14/17, गली नंबर-3, पूर्वी आजाद नगर, कृष्णा नगर, शाहदरा, दिल्ली और सी4, हजारा पार्क, जगत पुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 358/23 धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना गीता कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ इंदु** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ इंदु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ इंदु, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 358/23 धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना गीता कॉलोनी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री प्रेरणा राय**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
पूर्वी जिला, कोर्ट नंबर 15
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/228/SHD/2026


## एमसीडी और डीडीए की सरकारी जमीन पर कब्जा

**नई दिल्ली।** सरकारी विभागों द्वारा अपनी जमीनों की निगरानी नहीं होने से उनपर कब्जा होना आजकल आम बात हो गई और इस दौरान जल्दबाजी में निर्माण कार्य के दौरान अप्रिय घटना की संभावना भी बनी रहती है। लेकिन संबंधित विभाग तभी जागते हैं जब मामला कोर्ट पहुंच जाता है और फिर कब्जा लेने के लिए ये विभाग कोर्ट के चक्कर काटते हुए नजर आते हैं। ऐसा ही एक मामला दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन क्षेत्र के कुरैनी गांव से सामने आया है। यहां स्थानीय निगम प्रशासन को करीब एक माह पहले लिखित शिकायत दी गई लेकिन फिर भी कोई एक्शन नहीं हुआ। शिकायती ने पत्र में कहा है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के पार्क व दिल्ली नगर निगम की सड़क पर अवैध कब्जा किया गया है। सड़क के नीचे अवैध बेसमेंट निर्माण किया गया और पार्क के रास्ते को बंद करने, दीवार गिरने एवं बच्चों के घायल होने के संबंध में गंभीर शिकायत निगम उपायुक्त और डीडीए को दी है। शिकायती ने एमसीडी और डीडीए प्रशासन से बिना देरी के स्थल निरीक्षण की मांग करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

## वर्षों से उठाई जा रही आवाज के बाद केंद्र सरकार ने लगाई 10 मिनट डिलीवरी पर रोकः कैट

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा है कि संगठन द्वारा उठाई जा रही आवाज के बाद केंद्र सरकार 10 मिनट डिलीवरी पर रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा दी जा रही 10 मिनट की डिलीवरी सेवा पर रोक लगाने के केंद्र सरकार के फैसले का कैट जोरदार स्वागत करता है। कैट ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में लिया गया एक समयबद्ध, मानवीय और दूरदर्शी निर्णय बताया है, जो डिलीवरी कर्मियों की जान और सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। कैट ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री व भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल खंडेलवाल ने इस विषय पर समय समय पर जोरदार तरीके से डिलीवरी बॉय की आवाज उठाई है। इतना ही नहीं बल्कि कैट लंबे समय से क्विक कॉमर्स के खतरनाक और अनियंत्रित मॉडल को लेकर सरकार और देश को आगाह करता रहा है। इस क्रम में सबसे पहले, मानसून सत्र 2024 के दौरान सांसद खंडेलवाल ने संसद में इस गंभीर मुद्दे को मजबूती से उठाया था। उन्होंने क्विक कॉमर्स के अनियंत्रित विस्तार पर चिंता जताते हुए डार्क स्टोर पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करते हुए एक प्राइवेट मेंबर बिल भी प्रस्तुत किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा था मैंने डार्क स्टोर्स पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करते हुए प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किया है, ताकि क्विक कॉमर्स के उस अनियंत्रित मॉडल पर रोक लगाई जा सके जो शहरी नियोजन को विकृत करता है। कैट के अनुसार यह सिस्टम लोकल व्यापारियों को खत्म करता है, शोषणकारी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है और डिलीवरी कर्मियों पर असुरक्षित दबाव डालता है।

## गुरुद्वारा कमेटी ने गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में गुरमुखी लिपि के शोध केंद्र की नींव रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में गुरमुखी लिपि के शोध केंद्र की नींव रखी। मंगलवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, कमेटी अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर मंत्री सिरसा ने कहा कि गुरमुखी सिर्फ एक लिपि नहीं, यह हमारी सोच, हमारी संस्कृति और हमारी पहचान है। मंत्री सिरसा ने कहा कि यह लिपि हमें गुरु साहिबान द्वारा प्रदान की गई है और यही हमारी मातृभाषा है। आज पंजाबी लोग अपनी मातृभाषा के कारण ही देश-विदेश में नाम कमा रहे हैं। इस गुरमुखी लिपि ने हमें एक विशिष्ट पहचान दी है और आज पूरी दुनिया यह मानती है कि मानवता पर संकट के समय यही कौम मानव सेवा करती है। उन्होंने कहा कि जहां भारत में हमारी संख्या केवल 2 प्रतिशत है, वहीं विश्व स्तर पर भी हमारी संख्या कम है, लेकिन हमारी पहचान सबसे बड़ी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि इस शोध केंद्र में श्रेष्ठ से श्रेष्ठ अध्यापकों की नियुक्ति कर गुरुमुखी लिपि पर शोध किया जाएगा। शोध तभी संभव है जब हम भाषा को अपने भीतर आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि भले ही हम कहते हैं कि यह हमारी भाषा है, लेकिन घरों में इसका उपयोग कम होता जा रहा है। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम अपनी भाषा का अधिक से अधिक उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यद्यपि सामाजिक व्यवस्था के कारण अंग्रेज़ी भाषा भी आवश्यक है। लेकिन मातृभाषा पंजाबी के लिए हमारे प्रयास और तेज होने चाहिए।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | रामनगरीया वार्ड नं. 20, एम.सी. सिरसा में प्रकाश किरयाना स्टोर से बुधराम सैनी चक्की तक आईपीबी गली का निर्माण + 14 कार्य। | 09.01.2026 27.01.2026 | 2,10,33,292/- | https://etenders.hry.nic.in | 9654904167 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/41990/I/88/7 दि. 13.01.26


## वेस्ट विनोद नगर में घर के बाहर फायरिंग से दहशत में परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के वेस्ट विनोद नगर में सोमवार देर रात को एक घर के बाहर फायरिंग से लोग दहशत में आ गये। दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने कथित तौर पर हवा में दो से तीन राउंड गोलियां चलाई। पुलिस ने बताया कि घटना घर के मालिक को मिली फिरौती की धमकी से जुड़ी हो सकती है। आसपास के इलाके में कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों से जुड़ा कोई सबूत हाथ लग सकें।

मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना सोमवार रात करीब 12 बजे मिली। मधु विहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि गोलीबारी जितेंद्र गुप्ता के आवास के बाहर हुई है। घटना में कोई घायल नहीं हुआ। शुरुआती जांच में पता चला कि हेलमेट पहने हुए दो अज्ञात लोगों ने स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर के बाहर 2-3 राउंड फायरिंग की और नालंदा चौक की तरफ भाग गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे उसके पड़ोसी ने फायरिंग की घटना के बारे में बताया, जिसके बाद उसने पीसीआर कॉल की थी। क्राइम टीम ने घटनास्थल का विस्तार से निरीक्षण किया। तथ्यों, गवाहों के बयानों और उपलब्ध सबूतों के आधार पर बीएनएस और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच जारी है और आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

### रंगदारी नहीं मिलने पर जिम के बाहर फायरिंग

नई दिल्ली। पश्चिम विहार स्थित एक जिम के बाहर अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग की जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुये बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात को यह वारदात हुई। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। पोस्ट के अनुसार जिम को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि गिरोह द्वारा जिम के मालिक को किए गए फोन का कोई जवाब नहीं मिला था। पुलिस ने कहा कि वे पोस्ट की प्रामाणिकता की पुष्टि कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार आर के जिम के बाहर हुई गोलीबारी की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। सबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। मौके से एक कारतूस बरामद किया गया है। मामला दर्ज कर हमलावरों की पहचान और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गई हैं। सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में अधिकारियों ने कहा कि हमें सोशल मीडिया पोस्ट की जानकारी है और हम इसकी जांच कर रहे हैं। इस समय किसी गिरोह की संलिप्तता पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि सभी संभावित पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम और हमलावर जिस मार्ग से भागे, उसका पता लगाने के लिए आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वास्थ्य सिविल सर्जन जीन्द | दंत सामग्री ऑर्थो इम्प्लॉट्स की ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 13.01.2026 28.01.2026 | ईएमडी 30,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | भिवानी डिवीजन के सिंचाई विभाग हरियाणा हेतु इलैक्ट्रिकल मदों की आपूर्ति। | 13.01.2026 27.01.2026 | 17,59,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पंधवान में खेल के मैदान में ट्रैक का निर्माण, (डी-प्लॉन)। | 06.01.2026 13.01.2026 | 8,39,397/- | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग | बहादुरगढ़ के उत्तरी बाईपास को नाहरा नाहरी सड़क से जोड़ने के लिए कुलासी लिंक ब्रांच के आरडी 0 से 490 के ऊपर बॉक्स स्ट्रक्चर का निर्माण। | बंद होने की तिथि 02.02.2026 | 5,78,83,566/- | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | कोलापुर – गांव कोलापुर ब्लॉक पिपली कुरुक्षेत्र में 1. नायब सिंह पुत्र करण सिंह के मकान से ज्वाला सिंह पुत्र प्रेम सिंह के मकान तक, 2. सोहन लाल नम्बरदार पुत्र रती राम के मकान से तेजपाल के बाड़े तक फिरनी का निर्माण। | 12.01.2026 26.01.2026 | 37.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 6 | हरियाणा इंटरप्राइजेज प्रमोशन सेंटर (एचईपीसी), डिपॉर्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स हरियाणा | हरियाणा राज्य हेतु निवेशक एनेबलमेंट कक्ष की स्थापना। | 14.01.2026 03.02.2026 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9653707000 hepcharyana@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जोहली एचआरडीएफ जिला सोनीपत में पक्की चौपाल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 31.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | वन विभाग सिरसा | विभिन्न खण्डों में सांस्कृतिक प्रचालन और नर्सरी कार्य को ऊपर उठाना। | बंद होने की तिथि 19.01.2026 | 39,03,907/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 9 | वन विभाग सिरसा | डीएफओ कार्यालय के नये भवन का निर्माण, सिरसा। | बंद होने की तिथि 16.01.2026 | 96,28,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/180/42011/I/88/7 दि. 13.01.26

**खबर संक्षेप**

## 'स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रशिक्षण से सुधरेगी सफाई व्यवस्था'

नई दिल्ली। स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए सफाई कर्मियों की 'व्यवहारिक ट्रेनिंग बेहद ज़रूरी' है। यह बात ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट के प्रिंसिपल और एनडीएमसी में स्वास्थ्य सेवा विभाग में पूर्व निदेशक डॉ. पी.के. शर्मा ने सोमवार को दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन सभागार में सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण सत्र के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अब तक सफाई कर्मियों को यह तो बताया जाता है कि सफाई करनी है, लेकिन 'कैसे करनी है, क्या करना है और क्या नहीं करना है', इस पर पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं दिया गया। वहीं, उन्होंने यह भी बताया कि निगम प्रशासन को संसाधनों की कमी पर भी ध्यान देना होगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा सफाई कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें कूड़े के 'सही निष्पादन, स्रोत पर कचरे को अलग-अलग करने, अलग डिब्बों में रखने और इसके आर्थिक व पर्यावरणीय लाभों' की जानकारी दी जा रही है।

## 'दिल्ली सरकार आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनता को करेगी समर्पित'

**नई दिल्ली**। दिल्ली सरकार विस्तार के 5वें चरण के तहत आज बुधवार को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली की जनता को समर्पित करेगी, जिससे राजधानी दिल्ली में वार्ड और मोहल्ला स्तर पर प्राइमरी हेल्थ केयर सेवाओं को और ज्यादा मजबूती मिलेगी। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी। डॉ. पंकज ने कहा कि 1100 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना की दिशा में लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। दिल्ली में अभी 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर काम कर रहे हैं। बुधवार को 81 नए आरोग्य मंदिरों के उद्घाटन के बाद नेशनल कैपिटल रीजन में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 319 हो जाएगी।

## उप महापौर ने गिरधर लाल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने मंगलवार को गिरधर लाल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप महापौर ने अस्पताल परिसर में संचालित आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथिक डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के डॉक्टर भी मौजूद रहे। उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि अस्पताल की डिस्पेंसरी में दवाएं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने रोगियों से बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्था का जायजा लिया जिसमें रोगियों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर संतुष्टि जाहिर की। उप महापौर जयभगवान यादव ने कहा कि निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आने के बाद सभी कर्मियों का वेतन माह की पहली तारीख को जारी कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी निगम कर्मियों से अपेक्षा है कि वो पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

### उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने परियोजना का किया शिलान्यास

# 64 करोड़ से बनेगा मानसून-प्रूफ नांगलोई-नजफगढ़ रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को 64 करोड़ की नांगलोई- नजफगढ़ सड़क सुदृढ़ीकरण और नालों के निर्माण से जुड़ी परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि नांगलोई-नजफगढ़ के लोगों की दशकों पुरानी मांग मंगलवार को पूरी हुई है।



यह परियोजना पश्चिमी दिल्ली में रहने वाले लाखों दिल्लीवासियों को सीधा फायदा पहुंचाएगी। वर्षों से यह क्षेत्र बरसात के मौसम में जलभराव, नालों के ओवरफ्लो, सड़क पर गड्ढों और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। परियोजना पूरी होते ही इस पूरे कॉरिडोर में जल-निकासी सुधरेगी, सड़कें बेहतर होंगी और लोगों को ट्रैफिक से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि 64 करोड़ रुपये की लागत से नांगलोई-नजफगढ़ सड़क के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ ड्रेनेज निर्माण कार्य की शुरुआत की जा रही है। इससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और जलभराव की समस्याओं से भी राहत मिलेगी। उपराज्यपाल ने बताया कि सितंबर 2024 में उन्होंने मुंडका, नांगलोई, कंझावला, फिरनी रोड और रोहतक रोड सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया था। तब वहां की स्थिति बेहद जर्जर थी। सड़कों पर सीवर का पानी बह रहा था, सड़कें टूटी पड़ी थीं, गड्ढों और गंदगी के कारण हालात बेहद खराब थे। तब उन्होंने तत्काल कदम उठाने के लिए सरकार को निर्देश दिए थे। लेकिन पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण काम आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने बताया कि यह परियोजना केवल सड़क सुदृढ़ीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज और ड्रेनेज का कार्य भी शामिल है। इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चांदोलिया और कमलजीत सहरावत, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, डॉ. पंकज सिंह, विधायक नीलम कृष्ण पहलवान, गजेंद्र द्राल और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### यह परियोजना पश्चिमी दिल्ली के लोगों के लिए बड़ी सौगात : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना पश्चिमी दिल्ली के नागरिकों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने उपराज्यपाल श्री वी. के. सक्सेना का इस विकास कार्य में मार्गदर्शन और कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में वर्षों तक इस सड़क और ड्रेनेज व्यवस्था की उपेक्षा की गई। लेकिन उनकी सरकार ने बीते 11 महीनों में दिल्ली की बुनियादी समस्याओं के समाधान को

### समय में पूरा किया जाएगा कार्य : प्रवेश

इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शीघ्रतम समय में पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक सड़क पर पांच वर्षों की गारंटी सुनिश्चित की गई है। यदि किसी भी सड़क की गुणवत्ता पांच वर्षों के भीतर पुनः खराब होती है, तो संबंधित ठेकेदार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस इलाके की कई सड़कें पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर अवस्था में थीं। वर्तमान सरकार ने इन सड़कों के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी ली, निविदा प्रक्रिया को पूरा किया और अब निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## उप राष्ट्रपति ने किया डीयू में ड्रग-फ्री कैंपस अभियान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ बटन दबाकर ड्रग-फ्री कैंपस पोर्टल और मोबाइल ऐप को किया गया लॉन्च

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा ड्रग-फ्री कैंपस अभियान 'नशामुक्त परिसर अभियान' का शुभारंभ मंगलवार, 13 जनवरी को किया गया। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सी.पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि और दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद सम्मानीय अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन डीयू के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित मल्टीपर्पस हॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा बटन दबा कर ड्रग-फ्री कैंपस पोर्टल और मोबाइल ऐप को भी लॉन्च किया गया। कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के प्रति शपथ भी दिलवाई।

नशामुक्त परिसर अभियान का शुभारंभ करते हुए उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनकी डीयू की पहली यात्रा है और कई बार ऐसा होता है कि पहली यात्रा भी बहुत ही ऐतिहासिक बन जाती है। मुझे यह विश्वास है कि आज जो आंदोलन हम यहां से शुरू कर रहे हैं, आप सबके सहयोग, कठोर परिश्रम, लगन और नई भावना से हम केवल अपने परिसर को ही नहीं बल्कि पूरे देश को ड्रग फ्री बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शैक्षणिक गतिविधियों के केंद्र ही नहीं होते, ये वो स्थान होते हैं जहां मूल्यों को आकार दिया जाता है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि डीयू के चांसलर के रूप में मुझे गर्व है कि हमारा विश्वविद्यालय पूरे देश के लिए इस आंदोलन की शुरुआत कर रहा है। यह केवल हमारे परिसर को ही ड्रग फ्री नहीं रखेगा, बल्कि हमारे जागरूकता कार्यक्रम इस देश के प्रत्येक नागरिक को भी प्रेरित करेंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे वेद और उपनिषद भी संयम और सात्विक जीवन पर ज़ोर देते हैं।

## दिल्ली कैबिनेट ने दी कार्बन क्रेडिट' नीति को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ दिल्ली के 'ग्रीन प्रोजेक्ट्स' अब भरेंगे सरकारी खजाना, कार्बन क्रेडिट से होगी कमाई

दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने मंगलवार को पर्यावरण विभाग की ओर से लाए गए 'कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन फ्रेमवर्क' लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दिल्ली सरकार अब अपने विभिन्न ग्रीन प्रोजेक्ट्स से होने वाली उत्सर्जन कटौती को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचकर राजस्व जुटाएगी। योजना को मंजूरी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में दी गई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 'कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन फ्रेमवर्क' के लागू होने से सरकार को अतिरिक्त राजस्व स्रोत प्राप्त होंगे, जिससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे प्राप्त होने वाला राजस्व राज्य के समेकित कोष में जमा होकर जनहितकारी योजनाओं में उपयोग किया जा सकेगा। इससे विभिन्न विभागों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और आम नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर पर्यावरण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इस पहल के माध्यम से दिल्ली सरकार न केवल जलवायु परिवर्तन के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में नेतृत्व कर रही है, बल्कि स्थायी विकास के लिए नए वित्तीय रास्ते भी खोल रही है।

## पंजाब पुलिस तीन दिन में दिल्ली विधानसभा को सौंपे रिपोर्ट : विजेंद्र

*दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने पंजाब पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल, रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा घटाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सदन के वीडियो के मामले में गंभीरता को देखते हुए दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने पंजाब पुलिस को तीन दिन यानी 15 जनवरी तक रिपोर्ट सौंपने का समय दिया है जबकि पंजाब पुलिस ने दस दिन का समय मांगा है।

इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 6 जनवरी को विपक्ष के नेता द्वारा प्रयोग किए गए अमर्यादित और आपत्तिजनक शब्दों से उत्पन्न हालिया घटनाक्रम पर आयोजित प्रेस वार्ता में दी। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने पंजाब पुलिस को इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए 48 घंटे का समय दिया था, जिसके जवाब में उन्होंने 10 दिन का समय मांगा था।

अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय द्वारा पंजाब के डीजीपी, स्पेशल डीजीपी (साइबर सेल) तथा जालंधर के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किए गए हैं। पंजाब पुलिस ने यह दावा किया कि एफआईआर दर्ज करना और फॉरेंसिक जांच कुछ ही घंटों में कर दी गई, किंतु विधानसभा के नोटिस का जवाब देने के लिए दस दिन का समय मांगा गया है। अध्यक्ष ने कहा कि इससे जांच एजेंसी की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने स्पष्ट कर दिया है कि पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए केवल तीन दिन का समय दिया गया है। गुप्ता कहा कि यह मामला सीधे-सीधे दिल्ली विधानसभा के अधिकार क्षेत्र से संबंधित है और सभी मूल वीडियो एवं दस्तावेज विधानसभा की संपत्ति हैं।

### 'आवारा कुत्तों के काटने पर मुआवजा दे सरकार'

नई दिल्ली। आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने सुप्रीम कोर्ट में चल रही आवारा कुत्तों से संबंधित सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की टिप्पणियों का स्वागत किया है। गोयल ने कहा कि यह उनके लंबे समय से चल रहे आंदोलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और सुप्रीम कोर्ट ने उनकी इस दलील को स्वीकार किया है कि आवारा कुत्तों के हमले से यदि किसी बच्चे या बुजुर्ग की मृत्यु हो जाती है या चोटिल हो जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित सरकारों तथा सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी होगी। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने यह भी गंभीर प्रश्न उठाया है कि जिन सरकारों ने वर्षों से आवारा कुत्तों की समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, उन पर भारी मुआवजा क्यों न लगाया जाए। गोयल ने आवारा कुत्तों के काटने पर मुआवजा देने की मांग भी सरकार से की है।

### डीडीए की कर्मयोगी आवास योजना में फ्लैट बुकिंग आज से शुरू, 'रेडी-टू-मूव फ्लैट' पर 25 प्रतिशत की छूट

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की कर्मयोगी आवास योजना के लिए फ्लैट बुकिंग आज 14 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। जबकि यह योजना 31 मार्च 2026 को बंद हो जाएगी। यह योजना केंद्र या राज्य सरकार के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए है, जो नरेला में 1, 2, और 3 बीएचके रेडी-टू-मूव फ्लैट्स पर 25 प्रतिशत की छूट के साथ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध हैं। इच्छुक व्यक्ति योजना में शामिल होने के लिए डीडीए की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह योजना सिर्फ सरकारी कर्मचारियों के लिए है, जिन्हें फ्लैटों पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। योजना के तहत थ्री बीएचके फ्लैट बुकिंग के लिए दस लाख, टू बीएचके के लिए चार लाख और वन बीएचके लिए बुकिंग अमाउंट 50 हजार रुपये है। डीडीए के मुताबिक डिमांड कम अलॉटमेंट लेटर जारी होने के 60 दिनों में फ्लैट की पूरी कीमत देनी होगी। इसके बाद भी 30 दिन तक फ्लैट की कीमत दी जा सकती है, लेकिन इस पर 10 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज लगेगा।

### 'प्रदूषण के नाम पर उद्यमियों का नहीं होगा उत्पीड़न'

**नई दिल्ली**। दिल्ली देहात के कंझावला औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों पर प्रदूषण के नाम पर लटक रही सीलिंग की तलवार को लेकर कंझावला इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक गजेंद्र दराल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उद्योगों को हो रही परेशानियों और प्रशासनिक स्तर पर जारी दबाव की जानकारी विधायक के सामने रखी। बैठक के दौरान उद्यमियों की शिकायतें गंभीरता से सुनते हुए विधायक गजेंद्र दराल ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में चल रही फैक्ट्रियों के संचालन में किसी तरह की अनावश्यक बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने प्रदूषण के नाम पर होने वाले कथित उत्पीड़न पर रोक लगाने और उद्योगों को संरक्षण देने का आश्वासन दिया।

## एक दर्जन से अधिक झुग्गी बस्तियों में बन रहे हैं शौचालय, बिधूड़ी ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अपने लोकसभा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक झुग्गी बस्तियों में 10 करोड़ रुपए की लागत से शौचालयों के निर्माण और उनके नवीकरण के कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली सरकार ने सभी झुग्गी बस्तियों में सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराने का फैसला किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस बड़े कार्य के लिए तेजी से फंड उपलब्ध करा रही है। सांसद बिधूड़ी ने बदरपुर, तुगलकाबाद, कालकाजी और देवली विधानसभा क्षेत्रों की झुग्गी बस्तियों में शौचालयों में निर्माण कार्य की शुरुआत करते हुए कहा कि इससे न केवल झुग्गी बस्तियों में स्वच्छता और सफाई संभव हो सकेगी बल्कि विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा और उनकी गरिमा भी सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर दक्षिण जिला भाजपा अध्यक्ष माया बिष्ट, निगम पार्षद राजपाल सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## आतिशी ने जानबूझकर किया पाप : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




जिस प्रकार से आतिशी मार्लेना लापता हैं, उससे यह स्पष्ट है कि यह पाप जानबूझकर किया गया है। आतिशी भागो मत, डरो मत, छुपो मत, फरार मत हो। मीडिया के सामने आओ, जनता के सामने आओ। यह बात मंगलवार को दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने सदन में नेता विपक्ष आतिशी के द्वारा गुरुओं के अपमान के संदर्भ में आयोजित प्रैसवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि 6 जनवरी को दिल्ली की विधानसभा में एक पाप हुआ। विधानसभा के अंदर गुरु तेग बहादुर की शहादत के 350 साल पूरे होने पर उनके सम्मान में एक चर्चा चल रही थी। और उस चर्चा के बीच में व्यवधान डालते हुए दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष ने बहुत ही भद्दी भाषा बोली, बहुत ही अपशब्दों का इस्तेमाल किया। अब उस दिन से लेकर आज तक नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना गायब हैं। उनसे कह दिया गया है तुम मीडिया के सामने मत आना, जनता के सामने मत आना, कहीं जाकर छुप जाओ, भाग जाओ। और इस पाप को छुपाने के लिए अरविंद केजरीवाल के इशारे पर पंजाब सरकार के संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### भाजपा उड़ा रही आतिशी का मजाक : भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने नेता विपक्ष आतिशी के खिलाफ पोस्टर दिखाने पर 'आप' दिल्ली के प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले साप्ताह सीएम रेखा गुप्ता महिला सम्मान की आड़ ले रहीं थीं, लेकिन अब उनकी पार्टी के लोग नेता विपक्ष आतिशी का मजाक उड़ा रहे हैं। ऐसे में सीएम रेखा गुप्ता बताएं कि अगर महिला होने के नाते उन्हें सम्मान मिलना चाहिए तो क्या नेता विपक्ष आतिशी महिला नहीं हैं, उन्हें सम्मान नहीं मिलना चाहिए। आतिशी ने कहीं भी 'गुरु' शब्द नहीं बोले हैं, फिर भी भाजपा वाले बेहद भद्दे पोस्टर दिखा रहे हैं। क्या यह महिला का अपमान नहीं है। अगर नेता विपक्ष पर महिला मानदंड नहीं लागू होते हैं तो फिर मुख्यमंत्री को भी महिला होने के नाते छूट नहीं मिलेगी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अभी दो दिन पहले दिल्ली विधानसभा में भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता यह विलाप कर रही थीं कि दिल्ली के लोग उनका मजाक उड़ा रहे हैं, उनके मीम्स बना रहे हैं और चूंकि वे एक महिला हैं, इसलिए उन्हें माफ किया जाए।

### न्यूनतम पारा तीन डिग्री हुआ दर्ज

# दिल्ली झेल रही सर्दी, कोहरे और प्रदूषण का ट्रिपल अटैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली लगातार कड़ाके की सर्दी, घने कोहरे व वायु प्रदूषण का ट्रिपल अटैक झेल रही है। वहीं मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए महज 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह के समय कई क्षेत्रों में तीन डिग्री सेल्सियस से भी नीचे गिरते तापमान ने लोगों को हिलाकर रख दिया।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार 13 जनवरी 2026 को दिल्ली का न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे है। आईएमडी के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दोपहर के समय आसमान पर निकले सूरज ने लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत प्रदान की। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में घने कोहरे ने यातायात की गति पर ब्रेक लगाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। कोहरे के चलते आईजीआई एयरपोर्ट पर कई उड़ानों के प्रभावित होने की भी खबर है। वहीं वायु प्रदूषण के ट्रिपल अटैक ने लोगों की परेशानियों को बढ़ाने में कसर नहीं छोड़ी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज मंगलवार सुबह सात बजे आनंद विहार, दिल्ली का एक्यूआई 405 रिकॉर्ड किया गया, जबकि आईजीआई एयरपोर्ट का एक्यूआई 291 दर्ज किया गया है।

जबकि बवाना 375, द्वारका 376, आइटीओ 335, जहांगीरपुरी 373, मुंडका 363, नरेला 368, रोहिणी 392, सोनिया विहार 335 और वजीरपुर 372 एक्यूआई दर्ज हुआ। सीपीसीबी का कहना है कि अधिकांश जगहों पर एक्यूआई बहुत खराब यानी 300 से अधिक स्तर पर रहा, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। वहीं आईएमडी का कहना है कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान में अगले दो-तीन दिनों तक शीतलहर से लेकर गंभीर शीतलहर की स्थिति बने रहने की प्रबल संभावना है। निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. महेश पलावत का कहना है कि एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस पहाड़ों की तरफ 15 जनवरी को आएगा। जबकि 16 और 17 जनवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के साथ हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों पर अच्छी बर्फबारी और बारिश होगी। उत्तराखंड के ज्यादातर इलाके इस बार भी सूखे ही रहेंगे। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री से 3 डिग्री के बीच में बना हुआ है 2-3 दिन बाद तापमान बढ़ेगा और सर्दी से भी कुछ राहत मिलने की संभावना है।

**खबर संक्षेप**

### महाराजा अग्रसेन ने दिया समाज को भाईचारे का संदेश



**फरीदाबाद।** 18 जनवरी को अग्रसेन वाटिका में आयोजित होने वाले अग्रशिरोमणी महाराजा अग्रसेन प्रतिमा अनावरण समारोह की तैयारियों का वार्ड नंबर-37 के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने जायजा लिया और आयोजन समिति के सदस्यों को निर्देश दिए। प्रतिमा स्थापित होने से हमारी युवा पीढ़ी को उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी मिलेगी और समाज को एकजुट और भाईचारे की भावना का संदेश दिया।

### युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष की दादी की पुण्यतिथि



**गुरुग्राम।** हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री सुखबीर कटारिया की माता एवं हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया की दादी स्वर्गीय भतेरी देवी की पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुग्राम स्थित उनके निवास पर विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें परिवारजनों, रिश्तेदारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने भाग लिया।

### बंद कमरे में अलाव: दंपत्ति व बच्चे की मौत

**फरीदाबाद।** मुजेसर थाना क्षेत्र की संजय कालोनी चौकी अन्तर्गत



सरूरपुर इलाके में मंगलवार को बंद कमरे में अलाव जलाने के कारण दम घुटने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति, पत्नी और उनका पांच साल का मासूम बेटा शामिल है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही मुजेसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर तीनों बेसुध से नजर आए।

### पाली गांव से शुरू हुआ सूर्य नमस्कार अभियान



**फरीदाबाद।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर आज पाली गांव स्थित व्यायामशाला में सूर्य नमस्कार अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। यह अभियान 12 फरवरी तक जिला फरीदाबाद की सभी व्यायामशालाओं में संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को योग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

भाजपा नेता के हस्तक्षेप से कार्रवाई बीच में ही रोकनी पड़ी

# खेड़ा देवत की आड़ में दबंगों ने शेरशाह सूरी मार्ग पर किया कब्जा, खौफ से कार्रवाई करने से कतरा रहे निगम अधिकारी

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

दबंगों द्वारा खेड़ा देवत की आड़ में शेरशाह सूरी मार्ग पर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। दबंगों का खौफ इस कदर व्याप्त है कि निगम अधिकारी रोड़ पर हुए इस नाजायज कब्जे को हटाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे है। यहां तक की एनजीटी द्वारा अवैध कब्जों के संदर्भ में दिए गए आदेश पर निगम अधिकारी राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से कार्यवाही नहीं कर पा रहे है।

गौरतलब है कि नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड नम्बर-24 में शेरशाह सूरी मार्ग के बीचों-बीच दबंगों ने खेड़ा देवत रखकर अवैध कब्जा कर लिया।

***दबंगों का खौफ इस कद्र व्याप्त है कि निगम अधिकारी रोड़ पर हुए इस नाजायज कब्जे को हटाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे है। यहां तक की एनजीटी द्वारा अवैध कब्जों के संदर्भ में दिए गए आदेश पर निगम अधिकारी राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से कार्यवाही नहीं कर पा रहे है।***



बताया गया है कि रोड़ पर खेड़ा देवत की आड़ में किए गए इस कब्जे के बाद से अन्य कई लोगों ने भी खेड़ा देवत से आगे बदरपुर बार्डर तक कब्जे कर अवैध निर्माण कर लिए है। संयुक्त आयुक्त ओल्ड के आदेशों पर निगम के तोडफ़ोड़ दस्ते ने विगत दिनों इस क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की भी थी किन्तु एक कथाकथित भाजपा नेता के हस्तक्षेप के बाद निगम को अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही बीच में ही रोकनी पड़ गई। इतना ही नहीं संयुक्त-आयुक्त ओल्ड ने खेड़ा देवत की आड़ में किए गए इस अवैध कब्जे को हटाने के संदर्भ में आदेश भी जारी कर दिए थे किन्तु वार्ड के जेई ने संयुक्त-आयुक्त के आदेशों को ही धत्ता बता दिया। कहा तो यहां तक जा रहा है कि 47 अवैध निर्माणों के संदर्भ में एनजीटी ने संयुक्त-आयुक्त ओल्ड को नोटिस जारी किए है किन्तु राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते वह एनजीटी के आदेशों की भी पालना नहीं कर पा रहे है।

**राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से कार्रवाई में दिक्कत**

अवैध निर्माणों व अवैध कब्जे के खिलाफ कार्यवाही करना चाहते है किन्तु राजनैतिक हस्तक्षेप की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रहे है।

**राजेश, संयुक्त आयुक्त ओल्ड**

कचरा फेंकना हुआ अपराध, पहली बार 5000 से 25000 तक जुर्माना

# नालों, तालाबों व सड़कों पर कचरा डालने वालों से होगी भूमि राजस्व की तरह वसूली

एनजीटी के निर्देशानुसार अवैध रूप से साधारण ठोस कचरा फेंकने पर पहली बार 5000 तथा पुन: उल्लंघन पर 10 हजार और थोक कचरा फेंकने पर पहली बार 25 हजार तथा पुन: उल्लंघन पर 50 हजार की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूली जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 26 जुलाई 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में हरियाणा में सड़कों, नदियों, जल निकायों, नालों, तालाबों, पंचायत एवं राजस्व भूमि, पीडब्ल्यूडी तथा अन्य सरकारी भूमि पर ठोस कचरा फेंकने पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया है, क्योंकि यह नागरिकों के स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार का हनन है, एनजीटी के निर्देशानुसार अवैध रूप से साधारण ठोस कचरा फेंकने पर पहली बार 5 हजार तथा पुनः उल्लंघन पर 10 हजार और थोक कचरा फेंकने पर पहली बार 25 हजार तथा पुनः उल्लंघन पर 50 हजार की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूली जाएगी। जो कचरा फेंकने वाले व्यक्ति, संस्था, ठेकेदार, थोक कचरा उत्पादक या संबंधित नगर निकाय से वसूली जाएगी, इसके लिए नगर निगम आयुक्त, नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी तथा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अधिकृत होंगे।

**खास बातें**

- पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूली जाएगी
- जुर्माना राशि का उपयोग ठोस कचरा प्रबंधन में किया जाएगा




### लापरवाही पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश

उन्होंने बताया कि एनजीटी के अनुसार जिला प्रशासन को कचरा प्रसंस्करण हेतु भूमि चिन्हित करने, नगर निकायों के कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा करने और किसी भी लापरवाही पर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे खुले में कचरा न फेंकें, गीला एवं सूखा कचरा अलग.अलग रखें और निर्धारित डस्टबिन एवं संग्रह वाहनों का ही उपयोग करें। स्वच्छ फरीदाबाद, स्वस्थ फरीदाबाद हम सभी की जिम्मेदारी है।

### आलमपुर में जेई-लाइनमैन को बंधक बनाकर पीटा, 50 ग्रामीणों पर केस

धौज थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में बिजली चोरी की शिकायत की जांच करने पहुंची बिजली विभाग की टीम को हिंसक विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने जेई और लाइनमैन को कथित रूप से बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की और सरकारी काम में गंभीर बाधा डाली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। बिजली विभाग को सूचना मिली थी कि आलमपुर गांव में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जा रही है। यह क्षेत्र पाली सब डिवीजन के अंतर्गत आता है। सूचना के आधार पर सब डिवीजन एनआईटी-2 में तैनात जेई रजत जाखड़, सतनाम चंद, सहायक लाइनमैन विक्रम सिंह, रवीन कुमार, प्रवीन, तारीफ और चालक जोगिन्द्र जांच के लिए गांव पहुंचे। टीम गली में चेकिंग कर रही थी और एक स्थानीय युवक को साथ लेकर वीडियोग्राफी की जा रही थी।

# यूट्यूब देखकर रची मौसेरे भाई की हत्या की साजिश, दो आरोपी काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पालम विहार क्राइम ब्रांच ने 14 साल पुरानी रंजिश में मौसेरे भाई की हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों की पहचान रोहतक निवासी गुरुदत्त शर्मा उर्फ बालेश्वर शर्मा (56) व यूपी के बागपत निवासी अनिल (48) के रूप में हुई। दरअसल, 6 जनवरी को सेक्टर-10 थाना पुलिस ने सेक्टर-37डी में रामा गार्डन के पास एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव बरामद किया। मृतक की पहचान बसई एन्क्लेव पार्ट-2 निवासी संजय शर्मा (50) के रूप में हुई थी। कुछ दिन पहले उनकी कैंटीन के पास कॉलेज के दो गुटों का झगड़ा हुआ था। ऐसे में कॉलेज के एक गुट पर शक जताया गया था। पुलिस ने मामले में छानबीन करने के बाद आरोपी गुरुदत्त शर्मा को 10 जनवरी को देहरादून (उत्तराखंड) से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से उसे 4 दिन के रिमांड पर लिया गया।

### 6 जनवरी को संजय की गाड़ी को टक्कर मारी

पुलिस पूछताछ में गुरुदत्त शर्मा ने बताया कि वह देहरादून में कैफे चलाता है। संजय शर्मा उसकी मौसी का लड़का था। दोनों का वर्ष 2011-12 तक क्रेशर बजरी का सांझे में कारोबार था। जो मनमुटाव के चलते बंद हो गया। रंजिश के चलते दोनों के बीच कई बार विवाद भी हुआ था। गुरुदत्त ने अपने साथी अनिल एवं अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर संजय की रेकी करवाई। 6 जनवरी को रामा गार्डन के पास संजय की गाड़ी को टक्कर मारी। जब संजय गाड़ी से नीचे उतरा तो गुरुदत्त ने गोली मारकर हत्या कर दी।

**सूचना**

दी बल्लबगढ़ सहकारी विपणन समिति लि. बल्लबगढ के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की प्रबन्धक कमेटी के चुनाव हेतू जोन मतदाता सूचियां प्रस्तावित रूप से अनुमोदित की जा चुकी हैं। मतदाता सूचियां उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां गुरुग्राम व सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां फरीदाबाद, समिति कार्यालय आदि में प्रदर्शित की जा चुकी हैं। मतदाताओं की सूची के सम्बन्ध में किसी भी सदस्य को कोई आपत्ति है। वह अपनी आपत्ति 28-01-2026 को सुनवाई के समय या इससे पहले समिति कार्यालय में भेज सकते हैं। दिनांक 28.01.2026 को 1 बजे सब कमेटी द्वारा समिति कार्यालय में प्राप्त आपत्तियों का निपटारा किया जायेगा और इसके पश्चात मतदाता सूचियों को फाइनल रूप से अनुमोदित किया जायेगा। इसके पश्चात किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

साक्षात्कार में चयनित होने की बात कह

# एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक महिला ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी कि 12 नवंबर 2025 को उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने स्वयं को कम्पनी में कार्यरत बताते हुए कहा कि उनकी कंपनी एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ की नौकरी दिलवाने का कार्य करती है। इसके बाद उसका तथा उसकी बहन का फोन पर इंटरव्यू लिया गया और कुछ समय बाद उन्हें चयनित होने की बात कही गई। आरोपियों ने ड्रेस, कैंटीन कार्ड, ट्रेनिंग व अन्य औपचारिकताओं के नाम पर शिकायतकर्ता से 43,800 रुपये बैंक खाते में जमा करवा लिए, लेकिन उन्हें कोई जॉइनिंग लेटर प्राप्त नहीं हुआ, तब शिकायतकर्ता को अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ। जिस पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।



पुलिस प्रवक्ता ने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना ने हर्ष कुमार, निवासी मुजफ्फरपुर हाल निवासी बलजीत नगर, सैंट्रल दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

आरोपी हर्ष कॉलिंग करने वाले ठगों के साथ मिलकर काम करता था। शिकायतकर्ता को जिस इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से व्हाट्सएप कॉल की गई थी, वह आरोपी के मोबाइल फोन से उपयोग किया गया था।

# इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की वार्षिक डायरी विमोचन व नए आयकर कानून पर सेमिनार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन (फिटबार) द्वारा होटल डिलाइट सरोवर पोर्टिको में नव वर्ष का उत्सव, फिटबार डायरी 2026 का विमोचन एवं नई आयकर कानून के अंतर्गत कैपिटल गेन टैक्स पर सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आयकर आयुक्त विजय सिंह फरीदाबाद रहे।

इस अवसर पर विजय सिंह द्वारा फिटबार की डायरी का विमोचन किया गया। उन्होंने डायरी को फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एवं उसके सदस्यों के लिए एक ज्ञानकोश बताते हुए कहा कि इसमें बेंच एवं बार से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है, जो कर सलाहकारों, अधिवक्ताओं एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने जीडीपी और कर अनुपालन में कर पेशेवरों के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### आयकर पेशेवरों का जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका

अध्यक्ष शिव प्रकाश भारद्वाज ने कर जगत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयकर पेशेवर न केवल सरकार के राजस्व संग्रह में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, बल्कि समाज में कर जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। एसीआईटी आर के सिंह, आईटीओ अनिल बत्रा और अन्य अधिकारियों ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में सीए संजय चांडक, अधिवक्ता एस पी लाल, एडवोकेट शशिकांत सिंह, एडवोकेट संजय मंगला, एडवोकेट सुनील मंगला, सीए सुधीर चौधरी एवं फिटबार के सचिव सीए आरुष गुप्ता ने डायरी की उपयोगिता और सेमिनार के लाभों पर अपने विचार सांझा किए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल** पुत्र मुकेश, निवासी-मकान नंबर सी-208, मंगोलपुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 756/20 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **राहुल, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 756/20 धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना राज पार्क, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ईब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-03
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट नंबर 17, पहली मंजिल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/576/OD/2026

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**DD.NO.30 दिनांक 12.01.2026 धारा 194 बी.एन.एस.एस थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।**

**मृतक की पहचान**

नाम- नामालुम।
पिता का नाम - नामालुम।
पता - नामालुम।
उम्र - 30 - 35 वर्ष।
कद - 5 फुट 2 इन्च।
हुलिया :- रंग सांवला, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, आंखे खुली हुई, गाल पिचके हुए, मुँह से लार निकली हुई हैं।
**पहनावा** - पहनावा शरीर नग्न अवस्था में मिला जिसने कमर पर सिर्फ लाल रंग की तागड़ी पहनी हुए हैं।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 12.01.2026 को एक नाम पता नामालुम व्यक्ति की नाश नग्न अवस्था में गाँव खानपुर कलां के रभजाया न0 9 में मिली हैं। नाश का पोस्टमार्टम करवाकर शिनाख्त हेतू भगत फूल सिंह खानपुर कलां सोनीपत की मोर्चरी में 72 घटें के लिए रखवाया गया है। अगर मृतक के बारे में कोई सुचना प्राप्त हो या किसी थाना के क्षेत्र में कोई गुमशुदगी है या शिनाख्त होती है तो निम्न नम्बरों पर सुचित करे ।

**प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410545**
**अनुसंधानकर्ता मो० न0 - 7988554972**
**पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903**

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत ।**

पीआरडीएच-1084/11/4345/2026/41998/88/7 दि. 13.01.26

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 17.42 लाख की ठगी

लिंक पर क्लिक के बाद व्हाट्सएप पर संदेश आया

# खाता उपलब्ध कराने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 17,42,000 रुपए की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-19 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में महिला ने बताया कि वह गूगल पर शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित जानकारी सर्च कर रही थी। इसी दौरान एक लिंक पर क्लिक करने के बाद उसके व्हाट्सएप पर एक संदेश आया, जिसमें उसे नामक ग्रुप जॉइन करने के लिए कहा गया। ग्रुप से जुड़ने के बाद उसको शेयर मार्केट में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों के कहने पर उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 17,42,000 रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद न तो उसे कोई लाभ मिला और न ही निवेश की गई राशि वापस मिली। इस संबंध में साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।




### भोपाल से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी यशवंत सिंह लोधी निवासी सूरज नगर, हितेश विश्वकर्मा निवासी अरेरा कॉलोनी, मीरा नगर व अनिल सावले निवासी सरस्वती नगर, निवासी भोपाल, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ठगों को बैंक खाते उपलब्ध करवाने का काम करते थे। आरोपियों ने खाताधारक आर्यन का खाता लेकर आगे ठगों को उपलब्ध कराया था। मामले में खाताधारक आर्यन सहित चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी यशवंत 10वीं पास है तथा लेबर ठेकेदारी का कार्य करता है, जबकि आरोपी हितेश और अनिल बीए पास हैं। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर 5 दिन के पुलिस

### अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 12 जनवरी को फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच



बॉर्डर टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया है।क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर राहुल शाह उर्फ पव्वा, को भूपानी से देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | मकान नं. 966 सेक्टर-20 पार्ट-2, एम.सी. सिरसा में पार्क नं. 16 की मरम्मत और रेनोवेशन + 11 कार्य। | 12.01.2026 27.01.2026 | 1,75,42,575/- | https://etenders.hry.nic.in | 9654941067 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/41994/I/88/7 दि. 13.01.26

## माघ मेला-मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए तैयारी पूरी

# एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान

प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले का दूसरा स्नान पर्व मकर संक्राति 15 जनवरी को है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व में 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान संपन्न कराने के बाद अब मेला प्रशासन ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए कमर कस ली है। इसके लिए स्नान घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए घाटों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले का दूसरा स्नान पर्व मकर संक्राति 15 जनवरी को है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व में 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान संपन्न कराने के बाद अब मेला प्रशासन ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए कमर कस ली है। इसके लिए स्नान घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए घाटों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान का प्रशासन का अनुमान है।

**खास बातें**

- घाटों के नजदीक बनाई गई पार्किंग
- आवागमन के लिए गोल्फ कार्ट और रैपिडो बाइक सेवा होगी मददगार
- स्वच्छता के लिए 3300 स्वच्छता कर्मी तैनात



### प्रशासन ने तैयार किया भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान

माघ मेला-2024 में इस पर्व पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। इस बार लगभग तीन गुना अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान को देखते हुए मेला प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान तैयार किया है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है भीड़ प्रबन्धन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी है, जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। माघ मेला 2025-26 में कुल 12100 फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं चेंजिंग रूम, पुआॅल, कॉसा, शौचालय आदि उपलब्ध हैं। मेला अधिकारी के अनुसार माघ मेले में गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है।

### स्वच्छता , सुरक्षा और सुगम परिवहन को प्राथमिकता

शासन के निर्देश पर माघ मेले में स्वच्छता , सुरक्षा और सुगम परिवहन पर विशेष जोर दिया गया है। मेला अधिकारी ऋषिराज बताते हैं कि माघ मेले को खुले में शौच मुक्त, दुर्गन्ध मुक्त और गंगा में जीरो डिस्चार्ज हेतु लगभग 25,880 शौचालय, 11 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 25 सक्शन गाड़ियां एवं 3,300 सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुलभ आवागमन के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गयी है।

माघ मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय बताते हैं कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 17 थाने व 42 पुलिस चौकी, 20 अग्निशमन स्टेशन, 7 अग्निशमन चौकी, 20 अग्निशमन वॉच टावर, 1 जल पुलिस थाना, 1 जल पुलिस कन्ट्रोल रूम तथा 4 जल पुलिस सब कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। 8 किलोमीटर से अधिक डीप वाटर बैरीकेडिंग एवं 2 किमी रिवर लाइन लगाई गई है।

मेला क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है। नगर एवं मेला क्षेत्र में पूर्व से स्थापित सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त एआई युक्त कैमरों सहित 400 से अधिक कैमरों के माध्यम से क्राउड निगरानी, क्राउड डेन्सिटी एनालिसिस, इन्सीडेन्ट रिपोर्टिंग, स्वच्छता एवं सुरक्षा निगरानी की व्यवस्था की गई है।

---

## खबर संक्षेप

### 2 फरवरी से बिहार विधानसभा का सत्र

**पटना।** बिहार विधानसभा का बजट सत्र 2 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। जो 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट सदन में पेश करेगी। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव बजट पेश करेंगे। मंगलवार को नीतीश कैबिनेट में प्रस्ताव पर मुहर लगी।



### हरदोई में थाने के अंदर दिनदहाड़े पत्नी का मर्डर

**हरदोई।** जिले में कानून, पुलिस का खौफ किस कदर खत्म हो चुका है, इसकी बानगी पाली थाना परिसर में देखने को मिली। यहां पुलिस अभिरक्षा में मौजूद 35 वर्षीय महिला को पति ने दिनदहाड़े गोली मार दी। महिला का नाम सोनी है। पति ने वारदात को अंजाम दिया है। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।



---

## गोरखपुर महोत्सव में सीएम योगी आदित्यनाथ बोले-

# माफिया व दंगा मुक्त के बाद तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा प्रदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर महोत्सव में कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ संभावनाओं की बात नहीं करता, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति से परिणाम भी देता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अब माफिया और दंगा मुक्त होकर तेजी से विकास कर रहा है। सरकार की नीतियों से रोजगार, किसान कल्याण और महिला सुरक्षा में व्यापक सुधार हुआ है। योगी ने गोरखपुर के विकास और इंसेफेलाइटिस उन्मूलन को भी रेखांकित किया।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

**गोरखपुर में व्यापक विकास, रोजगार के अवसर बढ़े**

**स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सिर्फ यूपी में निहित संभावनाओं की ही बात नहीं करते, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति से संभावनाओं के अनुरूप परिणाम भी देते हैं। सरकार के करने की इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, दंगामुक्त होकर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

रामगढ़ताल के सामने चंपा देवी पार्क में आयोजित गोरखपुर महोत्सव के मुख्य मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार के प्रयासों से नौजवानों को रोजगार मिल रहा है।



अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। उद्यमियों, व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण में कारोबार को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। बहन-बेटियों को मुस्कुराते हुए स्कूल-बाजार जाने का माहौल मिल रहा है। आज यदि किसी ने बहन-बेटियों की राह में बाधा डालने का दुस्साहस किया तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने को तैयार मिलेगा। यह तभी संभव हो रहा है जब सरकार में करने की दृढ़ इच्छाशक्ति है।

### विकास की नई बुलंदियों पर गोरखपुर और उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई बुलंदियों पर है। 2017 के पहले भी जब देश आगे बढ़ रहा था तो गोरखपुर पीछे छूट गया था। तुलना की जाए तो 2017 के पहले और इसके बाद के उत्तर प्रदेश और गोरखपुर में जमीन-आसमान का अंतर दिखेगा। 2017 तक प्रदेशभर की तरफ गोरखपुर भी उपद्रव, गुंडागर्दी की चपेट में था। गुंडा टैक्स वसूला जाता था। सड़कें जर्जर थीं, बिजली नहीं मिलती थी। गंदगी, बीमारी और इंसेफेलाइटिस का कहर था।

### मच्छर और माफिया एक दूसरे के पूरक

सीएम योगी ने कहा कि मच्छर और माफिया एक दूसरे के पूरक होते हैं। एक शरीर को अस्वस्थ करता है तो दूसरा समाज को। उन्होंने कहा कि जब समाज हर प्रकार की स्वच्छता शारीरिक और सामाजिक, के प्रति जागरूक नहीं होता है तो उसे दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं।

---

## अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार इनाम

# सड़क दुर्घटना के घायलों को कैशलेश सहायता देगी सरकार



एजेंसी ▶▶ पटना

शहरी सड़कों की तर्ज पर अब ग्रामीण सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं में भी पीड़ितों को सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी। हाल ही में दिल्ली में आयोजित देशभर के परिवहन मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी है। इस फैसले से ग्रामीण इलाकों में सड़क हादसों के शिकार लोगों को समय पर इलाज और आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। बिहार के परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने इस निर्णय की जानकारी दी। बताया कि अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के इलाज के लिए केंद्र सरकार की ओर से डेढ़ लाख रुपए तक की कैशलेस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में यह योजना बेहद कारगर

इस व्यवस्था का उद्देश्य दुर्घटना के बाद के 'गोल्डन ऑवर' में इलाज सुनिश्चित करना है, ताकि समय पर इलाज मिलने से जान बचाई जा सके। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां अस्पताल तक पहुंचने में देरी होती है, यह योजना बेहद कारगर साबित हो सकती है। साथ ही अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीर को 25 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि अक्सर लोग कानूनी झंझट के डर से घायलों की मदद करने से कतराते हैं, लेकिन इस फैसले से लोगों में मदद की भावना बढ़ेगी और घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा।

---

# गोरखपुर महोत्सव: सीएम योगी ने 6 विभूतियों को 'गोरखपुर रत्न' से नवाजा, बोले- दृढ़ इच्छाशक्ति के परिणाम अच्छे होते हैं

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सिर्फ उत्तर प्रदेश में निहित संभावनाओं की ही बात नहीं करते, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति से संभावनाओं के अनुरूप परिणाम भी देते हैं। सरकार के करने की इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, दंगामुक्त होकर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी मंगलवार अपराह्न गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रामगढ़ताल के सामने चंपा देवी पार्क में आयोजित गोरखपुर महोत्सव के मुख्य मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार के प्रयासों से नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। उद्यमियों, व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण में कारोबार को आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। बहन-बेटियों को मुस्कुराते हुए स्कूल-बाजार जाने का माहौल मिल रहा है। यदि किसी ने बहन-बेटियों की राह में बाधा डालने का दुस्साहस किया तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने को तैयार मिलेगा। यह तभी संभव हो रहा है जब सरकार में करने की दृढ़ इच्छाशक्ति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी ताकत धैर्य और अनुशासन है। हमने कभी धैर्य नहीं खोया। उपेक्षा हुई तो संघर्ष का रास्ता अपनाया।

### विकास की नई बुलंदियों पर गोरखपुर और उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई बुलंदियों पर है। 2017 के पहले भी जब देश आगे बढ़ रहा था तो गोरखपुर पीछे छूट गया था। तुलना की जाए तो 2017 के पहले और इसके बाद के उत्तर प्रदेश और गोरखपुर में जमीन-आसमान का अंतर दिखेगा। 2017 तक प्रदेशभर की तरफ गोरखपुर भी उपद्रव, गुंडागर्दी की चपेट में था। गुंडा टैक्स वसूला जाता था। सड़कें जर्जर थीं, बिजली नहीं मिलती थी। गंदगी, बीमारी और इंसेफेलाइटिस का कहर था।

---

## आदित्य साहू ने एकमात्र नामांकन जमा किया

# झारखंड भाजपा को आज मिल जाएगा नया अध्यक्ष





एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया मंगलवार दोपहर को खत्म हो गई। इस दौरान राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू ने एकमात्र नामांकन जमा किया, जिसके बाद उनका इस पद पर निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो चुका है। वह फिलहाल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। संगठन पर्व के तहत नॉमिनेशन की प्रक्रिया दोपहर 12 बजे शुरू हुई थी और 2 बजे खत्म हो गई। साहू के नामांकन के प्रस्तावक के रूप वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, पूर्व सीएम मधु कोड़ा, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, दीपक प्रकाश और पशुपतिनाथ सिंह जैसे वरिष्ठ नेता शामिल रहे।

---

## कर्तव्य पथ पर गांव की सरकार

# 26 जनवरी को विशिष्ट अतिथि बनेंगे यूपी के 42 ग्राम प्रधान




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में पंचायत चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच चुनाव कराए जाने की चर्चा है। इसके पहले इस बार गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समारोह में उत्तर प्रदेश की गांव सरकार का भी परचम लहराएगा। प्रदेश स्तर पर चयनित 42 ग्राम पंचायतों के प्रधानों को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया है। ये प्रधान अपने जीवनसाथी/अभिभावकों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

ग्राम प्रधानों को मिले इस विशेष आमंत्रण को ग्राम पंचायत स्तर पर किए गए विकास के उत्कृष्ट कार्यों, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी की मिसालों को देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय समारोह में सामने लाने का अवसर भी माना जा रहा है।

---

## पेज एक का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर...

करते हुए महज 22 मिनट में उसे उसकी हैसियत बता दी थी। इन सबसे इतर उक्त सैन्य अभियान के दौरान पड़ोसी की संभावित आक्रामकता की कुटिल मंशा के पूर्वानुमान के साथ सेना जमीनी जंग के लिए भी तैयार थी। यह जानकारी मंगलवार को सेनादिवस (15 जनवरी) के पूर्व में राजधानी में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूछे गए प्रश्नों के जवाब में सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दी है। उन्होंने ये भी कहा, अभियान के बाद हालांकि पाकिस्तान से लगी हुई पश्चिमी सीमा पर हालात संवेदनशील बने हुए हैं। लेकिन वो हमारे पूर्ण नियंत्रण में हैं। वहीं, हमारी इस कार्रवाई से आया एक बड़ा सकारात्मक बदलाव ये है कि 2025 में दुश्मन की ओर से आतंकियों की भर्ती का मामला मात्र 2 पर सिमटकर रह गया। जिसे 'अस्तित्वहीन' कहा जा सकता है। केंद्रशासित प्रदेश में पर्यटन फिर से लौट रहा है, पवित्र अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण रही, जिसमें 4 लाख से अधिक तीर्थयात्री आए। जो यात्रा के पांच साल के औसत आंकड़े को पार कर चुका है। आतंकवाद से पर्यटन की थीम धीरे-धीरे जम्मू-कश्मीर में आकार ले रही है।

**ड्रोन का आना बर्दाश्त नहीं:** जनरल द्विवेदी ने बीते दिनों एलओसी के इलाके में देखे गए ड्रोन को लेकर कहा, यह आकार में बहुत छोटे हैं, अपनी लाइट खोलकर आते हैं। हां इतना जरूर है कि ये बहुत अधिक ऊंचाई पर नहीं उड़ते और कभी-कभार ही इनकी मौजूदगी देखने को मिलती है। 10 से 12 जनवरी तक 9 ड्रोन देखे गए हैं। जिनमें से 10 तारीख को 6 और उसके बाद 11, 12 को 2 से 3 ड्रोन एलओसी के पास नजर आए थे। उन्होंने बताया कि मामले में 13 जनवरी को भारत-पाक के बीच डीजीएमओ स्तर की बातचीत हुई है। जिसमें ये मामला उठाते हुए हमने पाकिस्तान को साफ शब्दों में ये बता दिया है कि एलओसी पर ऐसी कोई भी हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन पर तुरंत रोक लगनी चाहिए।

**सैन्य विवादों में हुई बढ़ोतरी :** व्यापक वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य को सेनाप्रमुख ने बीते वर्षों में दुनिया में बढ़ते हुए सैन्य विवादों के रूप में परिभाषित किया। यह बदलाव एक सामान्य सच्चाई बन चुकी है और देश इसका मुकाबला कर रहे हैं। जबकि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की तैयारी, सक्रियता से की गई अचूक कार्रवाई और सामरिक स्पष्टता को प्रदर्शित किया है। पीएम मोदी, रक्षा मंत्री के निर्देश पर संयुक्तता, आत्मनिर्भरता, नवाचार (जेएआई) में जारी प्रगति को लेकर सेना संतुष्ट है।

### 7 से 10 मई ...

काम तमाम कर दिया था। इस एक्शन से घबराए पाकिस्तान ने पहले पश्चिमी सीमा पर ड्रोन, मिसाइलों से बड़ा हमला बोला था। जिसे भारत ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया था। इसके बाद पाक के सैन्य खुफिया अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने भारत के सामने गिड़गिड़ाकर संघर्षविराम समझौता करने की गुहार लगाई। जिसके बाद 10 मई 2025 की शाम 5 बजे से दोनों देशों के बीच यह समझौता लागू है। साथ ही भारत ने पाक को यह साफ कर दिया है कि वो आतंकवाद को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा और इसके खिलाफ उसकी जीरो टॉलरेंस की नीति पूरी दृढ़ता के साथ लागू है।

### 88 घंटे के अभियान ...

किया। पाक डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई से बातचीत की, जिसमें परमाणु हमले की धमकी पर कोई बात नहीं हुई। यह दरअसल पाकिस्तानी नेताओं द्वारा बनाया गया एक हव्वा है। लेकिन इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि पिछले साल की हमारी इस सैन्य कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान की संभावित आक्रामकता के खिलाफ भारतीय सेना बड़ा जमीनी हमला बोलने के लिए पूरी मुस्तैदी से तैयार थी। जिसके लिए हमने बड़ी तादाद में सीमा पर मारक अस्त्र-शस्त्रों के साथ फौज की तैनाती की थी। 10 मई की सुबह में सेना, वायुसेना, नौसेना को सीमापार से की जाने वाली प्रत्येक आक्रामकता का तुरंत मुंहतोड़ जवाब देने का साफ निर्देश मिला हुआ था। मौजूदा समय में भी हम समान मुद्रा में ही एलओसी पर हाई अलर्ट के साथ तैनात हैं। ऑपरेशन सिंदूर भारत की तीनों सेनाओं के बीच शानदार समन्वय का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसमें हमारे पास स्पष्ट राजनीतिक निर्देश के साथ ही एक्ट-रिस्पांड की पूरी छूट मिली हुई थी।

### 31 आतंकी मारे ...

पार भेजने के लिए प्रेरित करते हैं। जहां तक आतंकी संगठनों की वित्तीय मदद की बात है, तो उससे जुड़ी प्रक्रिया बदली है। इसलिए मैं इसका तत्काल जवाब नहीं दे सकता हूं।

### पहले ही रूस से तेल ...

विदेश मंत्रालय से भारत की प्रतिक्रिया जाननी चाही। जिसका फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया गया है।

### हम ईरान को चीनी ...

ईरान ने नई दिल्ली को 0.44 बिलियन डॉलर का सामान आयात किया था। परंपरागत रूप से देखें तो भारत ईरान को चावल, चीनी, चाय, दवाइयां, आर्टिफिशियल जेवर, इलेक्ट्रिक मशीनरी, मानव निर्मित स्टेपल फाइबर भेजता है और वहां से हम मेवे (ड्राई फ्रूट), ऑर्गेनिक केमिकल और ग्लासवेयर खरीदते हैं।

### 10 मिनट की डिलीवरी...

आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि एप-आधारित डिलीवरी व्यवसायों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

---

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामला

याचिकाकर्ता को यूपी मुकदमे में वर्चुअली शामिल होने की दी मंजूरी

# याचिका यूपी से छत्तीसगढ़ स्थानांतरित करने की मांग सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले से जुड़ी एक याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल याचिका में उत्तर प्रदेश में दर्ज मामले को छत्तीसगढ़ स्थानांतरित करने की मांग की गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कई सवाल उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इससे मामले में अन्य सह-आरोपियों को परेशानी होगी।



मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में सह-आरोपी निरंजन दास की याचिका पर सुनवाई की। निरंजन दास छत्तीसगढ़ सरकार के रिटायर्ड अधिकारी हैं। याचिका में कहा गया कि शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ के साथ ही उत्तर प्रदेश में मामला दर्ज हुआ। याचिका में कहा गया कि दोनों ही छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में दर्ज, दोनों ही मामलों में समान आरोप हैं। इसके चलते याचिका में मांग की गई कि उत्तर प्रदेश में चल रहे मामले को भी छत्तीसगढ़ ट्रांसफर कर दिया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे नहीं माना। पीठ ने कहा कि अगर मामला छत्तीसगढ़ ट्रांसफर कर दिया जाता है तो इससे मामले में सह-आरोपी, जो उत्तर प्रदेश के हैं, उन्हें परेशानी होगी। पीठ ने कहा कि जो लोग नोएडा के निवासी हैं और मुकदमा रायपुर स्थानांतरित कर दिया जाता है तो उन्हें परेशानी होगी।

### पीठ ने 19 जनवरी तक टाली सुनवाई

पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपको थोड़ी राहत दी जा सकती है और उत्तर प्रदेश में मुकदमे में वर्चुअली शामिल होने की मंजूरी दी जा सकती है। इसके बाद पीठ ने मामले में शामिल अन्य सहआरोपियों को भी टैग करने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले की सुनवाई 19 जनवरी तक टाल दी। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले की जांच चल रही है। यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार में किया गया। आरोप है कि इस घोटाले के चलते राज्य के खजाने को भारी नुकसान पहुंचा। राज्य की शराब नीति में फेरबदल कर इस कथित घोटाले को अंजाम दिया गया।



# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

## लाइफ Style



# तापसी

## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।

## हॉलीवुड मसाला




# साइरंस किस में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।




# द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

## टीवी मसाला



# सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

## द 50 शो का पहला लुक आया सामने

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान



को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा।' रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं








**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स** : आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती** : फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल** : विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया** : शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल** : फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

## कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

*नई दिल्ली। मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते हैं। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*



### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्रांति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने में शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्रांति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी...' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी...' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।

## औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र बोले

# भारत में 1.59 लाख से अधिक डीपीआईआईटी स्टार्ट-अप रजिस्टर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है। यहां 1.59 लाख से अधिक डीपीआईआईटी स्टार्ट-अप रजिस्टर्ड हैं। साथ ही 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं, जिनका एक बिलियन डॉलर से अधिक का टर्नओवर है। युवाओं को 16 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मप्र में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं लीड कर रही है। प्रमुख सचिव सिंह सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित 2 दिवसीय मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट-2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नवाचारों और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां मप्र में लागू हैं। आज इंदौर में ही 2200 से अधिक स्टार्ट-अप काम कर रहे हैं। अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर भारत ने आज नया मुकाम हासिल किया है। इसमें सभी कुशाग्र बुद्धिवाले युवाओं का बड़ा योगदान है। युवा साथियों के स्टार्ट-अप के प्रोत्साहन के लिए यह 2 दिवसीय आयोजन अद्भुत है।

### युवा उद्यमी आइडिया लेकर आएंगे सरकार मदद करेगी


स्टार्ट-अप्स समिट में सीएम ने पुरस्कार प्रदान किए।

प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के साथ बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। इंश्योरेंस देखो स्टार्ट-अप के फाउंडर एंड सीईओ युवा उद्यमी अंकित अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा उद्यमी देश की सभी समस्याओं को दूर करने पर ध्यान देता है। युवा उद्यमी आइडिया लेकर आएंगे, तो केंद्र और राज्य सरकार हर संभव मदद करेगी।

### 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में

राज्य सरकार ने पिछले साल नई स्टार्ट-अप नीति लागू की है। मप्र स्टार्ट-अप सेक्टर में लीडर स्टेट है। राज्य सरकार नवाचारी सोच के साथ स्टार्ट-अप की संख्या 10 हजार तक पहुंचाना चाहती हैं। स्टार्ट-अप को फंड्स का ग्रांट और इंसेंटिव सब्सिडी दी जा रही है। मध्यप्रदेश में संचालित 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में है। हमारी महिलाएं भी अच्छी उद्यमी बन सकती हैं। प्रदेश के युवा आज नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमी बन रहे हैं। स्टार्ट-अप को इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है।

### मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता

सर्वश्रेष्ठ युवा उद्यमी कैटेगरी - इशिता मोदी वरुण रहेजा, तेजस जैन। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ महिला उद्यमी कैटेगरी- राशि बहल मेहरा, डॉ. हिमांशा सिंह, उर्वशी पोरवाल। सर्वश्रेष्ठ ग्रोथ स्टार्ट-अप कैटेगरी में- आरिफ कुरैशी, सावन लड्डा, आरती एवं गोविंद अग्रवाल। अर्ली स्टेट्स स्टार्ट-अप कैटेगरी- पुल्ला क्रजवानी, यश सेठिया, श्रुति गर्ग। बेस्ट इनोवेशन स्टार्ट-अप कैटेगरी- भरत कृतवानी, शुभम सिंह, प्रतीक वत्स, दीपेश श्रीवास्तव। बेस्ट रुरल स्टार्ट-अप कैटेगरी- वंदना मिश्रा, आशी बिथरे, डॉ. विशेष कासलीवाल। बेस्ट इंक्यूबेटर्स कैटेगरी- रोनॉल्ड फर्नांडिस, डॉ. आकाश राय, डॉ. क्रिस्ट पॉल, डॉ. अनुराग राय।

**सफल उद्यमियों ने बताए अनुभव**

### आईआईएफएम से पढ़ाई करने के 30 साल बाद भोपाल लौटे विनीत

आविष्कार ग्रुप स्टार्ट-अप के फाउंडर विनीत राय ने कहा कि वे आईआईएफएम से पढ़ाई करने के बाद 30 साल बाद भोपाल लौटे हैं। उन्होंने बताया कि 5000 रुपए से अपने व्यवसाय की शुरुआत की थी। उद्यम क्षेत्र में सफलता-असफलता मिलती ही रहती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सिर्फ पैसा बनाने के बारे में ही नहीं सोचना है, बल्कि अपने जीवन मूल्यों को भी हमेशा साथ रखना है। यही सफलता की कुंजी है। स्टार्ट-अप समिट में आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार, अंजु गुप्ता, अनुराग असाटी, आदित्य चौरसिया, डॉ. मयूर सेठी, महावीर प्रताप शर्मा, खुशवंत जैन, प्रदीप करमबेलकर, अर्चना जहांगीरदार सहित बड़ी संख्या में युवा उद्यमी उपस्थित थे।

**इन्हें मिला हैकेथॉन अवॉर्ड**

कोड इट कैटेगरी : विनर राहुल राय, रनर-अप जयेश टोटले। बिल्ड इट कैटैगरी: विनर मुस्कान खरे, रनर-अप पलक रघुवंशी। शिप इट कैटेगरी: विनर डॉ. निलय शर्मा, रनर-अप सुनीता रघुवंशी।

## खबर संक्षेप

### गोहत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नजीर बनेगीः मंत्री सारंग

**भोपाल।** स्लॉटर हाउस में गौमांस से जुड़े मामले पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गौमांस या गौकशी के मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। चाहे व्यापारी हो या अधिकारी, यदि कोई भी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस विषय में स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए हैं। सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे मामलों में उदाहरण प्रस्तुत करने वाली कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के अपराध को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रकरण में गौमाता की कटाई सिद्ध होती है, तो उसे सामान्य अपराध नहीं माना जाना चाहिए, बल्कि हत्या को गंभीर अपराध मानते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। मंत्री सारंग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल लोगों को कठोरतम दंड मिलना चाहिए, जिससे समाज में स्पष्ट संदेश जाए।

### स्व. सारंग की प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना पर सर्वसमाज में आक्रोश

**भोपाल।** भाजपा के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सामाजिक समरसता के प्रतीक स्व. कैलाश नारायण सारंग की प्रतिमा पर लगाए गए आवरण (कपड़े) को जलाए जाने एवं प्रतिमा से छेड़छाड़ की घटना को लेकर सर्वसमाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में सोमवार को सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस आयुक्त हरिनारायण मिश्रा से भेंट कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इस कृत्य को समाज की भावनाओं को आहत करने वाला एवं कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाला बताया तथा शीघ्र और सख्त कार्रवाई का आग्रह किया। पुलिस आयुक्त महोदय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समाज ने एक स्वर में मांग की कि समाज में शांति, सौहार्द एवं सम्मान की भावना को ठेस पहुँचाने वाले ऐसे कृत्यों पर कठोर संदेश देने वाली कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## सीएम ने कहा 26 जनवरी तक मनेगा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान

# ग्राम और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी, इनकी मजबूती से ही देश मजबूत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि हमारा देश बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हर तरफ विकास की बयार है। गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं की जानकारी और विकास कार्यक्रमों का लाभ पहुंच रहा है। गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी है। इनकी मजबूती में ही देश की मजबूती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनअभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सेतु की भूमिका में है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनअभियान परिषद का योगदान सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि सबके समन्वित प्रयासों से हम ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। डॉ यादव सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में 'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने भी संबोधित किया।

### सीएम ने किया ग्राम विकास पखवाड़ा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**खास बातें**

- समन्वित प्रयासों से ग्रामोदय से अभ्युदय का लक्ष्य प्राप्त करेंगे
- जनाभियान परिषद का योगदान अत्यंत सराहनीय


'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### विकासखंडों के दो-दो युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 12 से 26 जनवरी तक प्रदेश में आयोजित किये जा रहे 'ग्राम विकास पखवाड़े' के 'राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम' का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस पखवाड़े में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों से प्रत्येक विकासखंड से आए 2-2 युवाओं को दो दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती से इस ग्राम विकास पखवाड़े का आयोजन प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार करेगा। गांव-गांव तक विकास की बात पहुंचेगी तभी हमारा मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश बनेगा।

**अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जनअभियान परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से युवा साथी सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं। ये साथी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्राम स्तर पर उत्सव, चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान और परिवार सम्पर्क गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण एवं जल का संरक्षण, स्वदेशी एवं स्वावलंबन पर बल देकर जैविक कृषि एवं गौ-संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

## वीबी-जी रामजी योजना में डबल रोजगार की व्यवस्था

# कांग्रेस ने हमेशा से महात्मा गांधी के नाम का किया राजनीतिक दुरुपयोग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान के माध्यम से गांवों और किसानों को सशक्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 को महिला सशक्तिकरण, वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया। अब वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम का हमेशा राजनीतिक दुरूपयोग किया है। कांग्रेस में सब नकली गांधी है, जिन्होंने सदैव गांधी जी के विचारों का दमन किया। डॉ यादव सोमवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में वीबी-जी रामजी योजना को लेकर आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नाम का उपयोग करने वाली कांग्रेस भगवान राम विरोधी है। कांग्रेस का गांधी परिवार महात्मा गांधी के परिवार के उत्तराधिकारी बनने का ढोंग करते है। वीबी-जी रामजी योजना में भगवान श्रीराम का नाम जुड़ गया तो कांग्रेस विरोध पर उतर आई।

### *वीबी-जी रामजी योजना एक ऐतिहासिक कदम*

*भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने, पंचायतों को जवाबदेह बनाने और गांवों में पारदर्शी विकास की व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस शासनकाल में योजनाओं और संस्थानों के नाम एक ही परिवार तक सीमित कर दिए गए। पीएम मोदी ने गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए देशव्यापी स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर उसे जन-आंदोलन बनाया। गांधी की मंशा के अनुरूप पीएम ने खादी, स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की भावना को पुनर्जीवित किया है। वीबी-जी रामजी योजना में श्रमिकों को पूर्व की योजना से डबल दिनों का रोजगार मिलने की व्यवस्था की गई है।*

**समय की आवश्यकता के अनुरूप बनाई योजना**

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना वर्तमान समय की जरूरत के अनुरूप बनाई गई है। पहले गरीबों के शोषण करने वाली नीतियां बनती थीं। उनके नेतृत्व में मजदूरों के साथ सभी समाज वर्गके कल्याण के लिए योजना बन रहीं हैं। पार्टी कार्यकर्ता जनता को बताएं कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वीबी-जी रामजी योजना बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता थी।

## सीएम ने मनाया लोहड़ी, प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

# लोहड़ी एकता को सुदृढ़ और समाज को जड़ों से जोड़ती हैः नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान उन्होंने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

लोहड़ी समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह त्यौहार भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन परंपराओं का प्रतीक है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूजा अर्चना कर लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की और साथ ही हरियाणा वासियों के सुख और समृद्धि की कामना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहड़ी केवल लकड़ी जलाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज को उसकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का अवसर भी है। ऐसे पर्व सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और हमें हमारी परंपराओं एवं मूल्यों की याद दिलाते हैं। यह पर्व एकता, समानता और समावेशिता को बढ़ावा देता है।


**चंडीगढ़।** हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में लोहड़ी का पर्व मनाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## प्रशासन सक्रियता से कर रहा कारणों की जांच, अस्पताल में चल रहा उपचार

# किसान ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

तहसील परिसर में दोपहर के समय उस वक्त अफरातफरी मच गई जब कसियाडीह झांझ गांव के 55 वर्षीय किसान बैसाखु राम मरकाम ने तहसील के भीतर ही जहर पी लिया। किसान अचेत अवस्था में कुर्सी पर पड़ा रहा।

घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल तुरंत हरकत में आईं। उन्होंने अपने निजी वाहन से किसान को तत्काल हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सहायक चिकित्सक डॉ. युधेश सांडे ने तुरंत किसान का इलाज शुरू किया और बड़ी मात्रा में जहर को बाहर निकालने में सफलता पाई। हालांकि, जहर का असर अधिक होने के कारण किसान की हालत गंभीर बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे एंबुलेंस द्वारा बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना की खबर फैलते ही कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी तेजी से हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदन लाल राठौर, चंद्रहास राठौर, कन्हैया राठौर, कदम यादव और गुलशन जायसवाल ने पीड़ित किसान के स्वास्थ्य की जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



**आला अफसर एवं जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे**

प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा। अपर कलेक्टर ओंकार सिंह यद्दु, पाली एसडीएम रोहित सिंह, तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानू, दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा और हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद डड़सेना ने घटना की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद रहे और घटना पर चिंता व्यक्त की। किसान द्वारा तहसील में जहर पीने की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। प्रारंभिक तौर पर किसान की जहर पीने की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है। युवा कांग्रेस के नेताओं ने किसान जहर सेवन कर आत्महत्या के प्रयास के मामले कलेक्ट्रेट के बाहर सड़क पर कफन ओढ़ कर प्रदर्शन किया। कटघोरा भाजपा विधायक प्रेमचंद पटेल के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। मौके पर सिविल लाइन थाना पुलिस पहुंची।

## पुलिस ने सभी 56 गोवंश को सुरक्षित बचाया

# गोवंश की तस्करी करते पांच आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



जिले में पुलिस ने गौवंश तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने क्रूरतापूर्वक गौवंश को ले जा रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 56 गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया है। पुलिस को गौ संरक्षक टीम से सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर विभिन्न गांवों और जंगल-पहाड़ी रास्तों से होकर लाल, सफेद और काले रंग के बैलों को लाठियों से पीटते हुए बूचड़खाने की ओर ले जा रहे हैं।

सूचना की पुष्टि के बाद दंतेवाड़ा थाना पुलिस की टीम तत्काल रवाना हुई। पुलिस टीम जब ग्राम मटेनार गौठान के पास पहुंची, तो देखा गया कि पांच लोग 56 गौवंश को बेरहमी से हांकते हुए जंगल की ओर ले जा रहे थे। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम महेश, संतोष, बसंत मुरामी, राजू और हेमला सभी निवासी थाना गीदम क्षेत्र बताए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी गौवंश का पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा परीक्षण कराया गया। इसके बाद 56 गौवंश को सुरक्षा और देखभाल के लिए बालूद स्थित गौठान में गौ संरक्षक को सुपुर्द किया गया।

## युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराने लगाए जा रहे हैं रोजगार मेले

# युवाओं के सपनों को साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़ेः सीएम

### *मुख्यमंत्री ने सारंगपुर के युवा संगम रोजगार मेले को किया वर्चुअली संबोधित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगारपरक कार्यों से समाज को जोड़कर युवाओं के सपने साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है। रोजगार और मेहनत से युवा अपना जीवन सुधारें, देश सवारें, इस उद्देश्य से युवाओं की मदद करना हमारा लक्ष्य है।

युवाओं को स्टार्ट-अप नीति और अन्य योजनाओं के माध्यम से मदद की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सारंगपुर जिला राजगढ़ में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला-2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप साथ थे। सारंगपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुमेर सिंह सोलंकी सहित क्षेत्रीय विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। राजगढ़ जिले के सारंगपुर में आयोजित इस मेले में शाजापुर, सीहोर, आगर-मालवा, देवास, भोपाल और गुना जिलों के युवा उम्मीदवार सहभागिता की। यह मेला प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं।


वर्चुअली संबोधित करते सीएम

### *रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा संगम रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें फाइनेंस, सेल्स, मार्केटिंग, हेल्थ केयर, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, सॉफ्टवेयर, डिजिटल मार्केटिंग, क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश के महाविद्यालयों, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में, कंपनियों की अपेक्षाओं के अनुसार युवाओं को दक्षता और क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इससे रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं का चयन संभव हो रहा है। कंपनियों द्वारा 16 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को रोजगार देने के लिए सहमति प्रदान की गई है। कंपनियों की ओर से 3 हजार से अधिक पदों पर महिला उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए भी सहमति दी गई है। मेले में शामिल 8 कंपनियां दिव्यांगजन को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं।

### *रोजगार मेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि*

कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मेले में जानकारी दी कि सारंगपुर में आयोजित 'युवा संगम रोजगार मेला' प्रदेश के रोजगार मेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि लेकर सामने आया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 626 रोजगार मेले आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से लगभग 1 लाख 2 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया। मटेटवाल ने बताया कि सारंगपुर में आयोजित रोजगार मेले में पंजीयन कराने वाले लगभग 35 हजार युवाओं में से 10 हजार 112 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। मंत्री टेटवाल ने बताया कि इस रोजगार मेले में टाटा, महिंद्रा, किर्लोस्कर, टेस्ला, आयशर, पेटीएम, प्रतिभा सिंटेक्स और मदरसन जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कंपनियों ने भाग लिया।

चिंतन

# डिलीवरी बॉयज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें कंपनियां

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने पहले दावा किया था कि वह 10 मिनट में सामान पहुंचाएगी। अब कंपनी ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को 10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे से बदलकर अब 30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे कर दिया है। हालांकि यह फैसला कर्मचारियों की हड़ताल और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। सरकार डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी। चूंकि 10 मिनट में डिलीवरी से राइडर्स की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था। इतने कम समय में सामान डिलीवर करने के लिए उन्हें तेज रफ्तार से बाइक चलानी होती है। इससे सड़क हादसों के कारण उनकी जान को खतरा हो रहा था। इसके अलावा उपभोक्ता से मिले ओटीपी के बाद ही उनका सामान डिलीवर माना जाता है। समय पर डिलीवरी न होने से राइडर्स की रैंक प्रभावित होती है। उत्तर भारत में जारी भीषण सर्दी और कोहरे के बीच ब्लिंकिट के फैसले से हजारों डिलीवरी बॉयज को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि इस समय भीषण ठंड के कारण लोग घरों से बाहर निकलना ठीक नहीं समझते। ऐसे में वे घर का सामान ऑनलाइन मंचों से अधिक मंगाते हैं। इसके कारण डिलीवरी बॉयज पर समय पर सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इतना कम समय होने के कारण सुबह-शाम ऑफिस के समय और रात को गिग वर्कर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में कर्मचरियों पर भारी दबाव था, क्योंकि समय पर डिलीवरी नहीं होने से कर्मचरियों की परफॉर्मेंस प्रभावित होती थी। उन्हें अच्छी रैंक तभी मिलती थी, जब वे समय पर डिलीवरी कर उपभोक्ता के मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को कंपनी के एप पर सेंड करते थे। ब्लिंकिट के बाद अब स्विगी और जेप्टो जैसे अन्य 'क्विक कॉमर्स' मंच भी इस कदम का अनुसरण कर सकते हैं। यह एक बड़ा बदलाव होगा, जो ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा। दस मिनट में डिलीवरी के वादे के कारण गिग वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी, जिसने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आय की ओर ध्यान आकर्षित किया। हाल में 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न ही असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है, क्योंकि उन्हें एप पर 10 मिनट का टाइमर नहीं दिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि 10 मिनट में या उससे तेज डिलीवरी मुख्य रूप से स्टोर ग्राहकों के करीब होने के कारण होती है, न कि सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण। यह फैसला डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जो अक्सर अपनी जान जोखिम में डालकर डिलीवरी करते हैं। यह गिग वर्कर्स के अधिकारों को मजबूत करेगा, जो अक्सर अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। कुल मिलाकर, ब्लिंकिट का '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटाने का फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है, जो डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता देता है। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि कंपनियों को अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे को। यह फैसला अन्य कंपनियों के लिए भी एक उदाहरण हो सकता है, जो अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को नजरअंदाज कर रहे हैं।



पर्व
डॉ. बलवीर आचार्य

# उत्तरायण का मकर संक्रांति से प्रारम्भ

> जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

जितने काल में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा पूरी करती है, उसको एक 'सौर वर्ष' कहते हैं और कुछ लम्बी वर्तुलाकार जिस परिधि पर पृथ्वी परिभ्रमण करती है, उसको 'क्रान्तिवृत्त' कहते हैं। ज्योतिषियों द्वारा इस क्रान्तिवृत्त के 12 भाग कल्पित किए हुए हैं और उन 12 भागों के नाम उन-उन स्थानों पर आकाशस्थ नक्षत्र पुंजों से मिलकर बनी हुई कुछ मिलती-जुलती आकृति वाले पदार्थों के नाम पर रख लिए गए हैं। प्रत्येक भाग व आकृति 'राशि' कहलाती है। जब पृथ्वी एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण करती है तब उसको 'संक्रान्ति' कहते हैं। सूर्य सिद्धान्त (1.12) में कहा गया है- "राश्यन्तरं यदा सूर्यः संक्रान्तिरिति कथ्यते" लोक में उपचार से पृथ्वी के संक्रमण को सूर्य का संक्रमण कहने लगे हैं। छह मास तक सूर्य क्रान्तिवृत्त से उत्तर की ओर उदय होता रहता है और छह मास तक दक्षिण की ओर निकलता रहता है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को 'उत्तरायण' और दक्षिण की ओर उदय की अवध को 'दक्षिणायन' कहते हैं। अयन का अर्थ होता है गति।

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। उत्तरायण काल में सूर्य उत्तर की ओर से उदय होता हुआ दिखता है, उसमें दिन बढ़ता जाता है और रात्रि घटती जाती है। दक्षिणायन में सूर्योदय दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होता है। उसमें रात्रि बढ़ती जाती है और दिन घटता जाता है। सूर्य की मकर राशि की संक्रान्ति से उत्तरायण और कर्क राशि की संक्रान्ति से दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। प्राचीन भारत में उत्तरायण और मकर संक्रान्ति एक ही दिन होते थे। अयन चलन के कारण वे धीरे-धीरे अलग हुए। सामान्यतः मकर संक्रान्ति को उत्तरायण का आरम्भ माना जाता है।

खगोल विज्ञान के अनुसार सूर्य का उत्तरायण वह बिन्दु है, जब सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में अपनी अधिकतम स्थिति (मकर रेखा) से उत्तर दिशा की ओर लौटना प्रारम्भ करता है। यह घटना 21 या 22 दिसम्बर को घटित होती है। इसे शीत अयनान्त कहा जाता है। इसी दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बी रात होती है। यह घटना पृथ्वी के अक्षीय झुकाव (23.5°) तथा उसकी वार्षिक परिक्रमा का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस दृष्टि से यही समय वास्तविक या खगोलीय उत्तरायण है। भारतीय पंचांग की निरयन पद्धति के अनुसार, जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रान्ति होती है। यह सामान्यतः 14 या 15 जनवरी को आती है। भारतीय ज्योतिष स्थिर नक्षत्रों को आधार मानता है। पृथ्वी की धुरी के धीमे झुकाव के कारण (अयन चलन), सूर्य का राशियों में प्रवेश क्रमशः आगे खिसकता रहता है। अयन चलन और दोनों तिथियों में अन्तर- पृथ्वी की धुरी में होने वाला अयन चलन लगभग 25,920 वर्षों में पूर्ण होता है। इसके कारण हर 72 वर्षों में लगभग 1 दिन का अन्तर पड़ता है। लगभग 1500–1700 वर्ष पूर्व मकर संक्रान्ति और शीतकालीन संक्रान्ति एक ही दिन पड़ते थे। वर्तमान में दोनों के बीच लगभग 23–24 दिनों का अन्तर है। इस परिवर्तन में लम्बा समय लगा है, परन्तु उत्तरायण का पर्व, मकर-संक्रान्ति के दिन ही मनाया जाता है। इससे सर्व साधारण की ज्योतिष-शास्त्र के प्रति अनभिज्ञता का कुछ



परिचय मिलता है। किन्तु शायद पर्व का महत्त्व बना रहे, यह मानकर मकर- संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। यजुर्वेद और तैत्तिरीय संहिता में सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन को ऋतुओं के क्रम से जोड़ा गया है। छान्दोग्य और बृहदारण्यक उपनिषदों में उत्तरायण को- देवयान, ज्ञानमार्ग, प्रकाशमार्ग के रूप में वर्णित किया गया है। यहां सूर्य की गति को आत्मा की गति का रूपक बनाया गया है। गीता में भी उत्तरायण को देवयान मार्ग कहा गया है, जहां प्रकाश की दिशा में जाने वाले योगी मोक्ष को प्राप्त करते हैं।

यह दर्शाता है कि उत्तरायण को- शुभ, उन्नत, और आध्यात्मिक रूप से अनुकूल समय माना जाता था। कृषि-चक्र में यह रबी फसलों की परिपक्वता का समय है। उत्तर भारत में यह संकरात, खिचड़ी, दक्षिण में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य-ऊर्जा के पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह समय आत्म-साक्षात्कार, ध्यान और संकल्प सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर दान, स्नान और जप करने का बहुत महत्व है-"मकर संक्रांतौ दानस्नानजपैः सहस्त्रगुणं फलम्"। इस दिन खिचड़ी, तिल, कम्बल और अन्न का दान किया जाता है। दान का अर्थ केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार का त्याग करना है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर तिल और गुड़ का सेवन करने का भी महत्त्व है। सर्दियों के मौसम में तिल और गुड़ का मेल न केवल स्वादिष्ट होता है, अपितु यह आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों की दृष्टि से एक सर्वोत्तम भोजन है। इनके सेवन से होने वाले प्रमुख लाभ और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। हड्डियों की मजबूती, तिल कैल्शियम का खजाना है और गुड़ इसमें मैग्नीशियम प्रदान करता है। तिल में दूध से भी ज्यादा कैल्शियम होता है। हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए कैल्शियम और फास्फोरस की आवश्यकता होती है, जो इन दोनों के मिश्रण में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। गुड़ आयरन का प्राकृतिक स्रोत है, जबकि तिल में कॉपर और आयरन दोनों होते हैं। गुड़ शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

तिल में मौजूद कॉपर आयरन के अवशोषण में मदद करता है, जिससे शरीर में नया खून बनता है और थकान या कमजोरी दूर होती है। इन दोनों की प्रकृति गर्म होती है, जो शरीर को आन्तरिक गर्माहट देती है। तिल में मौजूद जिंक और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। गुड़ शरीर के श्वसन तन्त्र को साफ करने में मदद करता है, जिससे सर्दी-खांसी और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। गुड़ पाचन एंजाइमों को सक्रिय करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। तिल में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई करने में सहायक होते हैं। तिल में 'सेसमिन' और 'सेसमोलिन' नामक तत्व पाए जाते हैं।

ये तत्व शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित करने में मदद करते हैं। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह सूर्य की भान्ति तेजस्वी बनने और गुड़ के समान मधुर वाणी बोलने का संकल्प है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

(लेखक प्रोफेसर एमडीयू रोहतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



दीपस्तंभ
मुरारी गुप्ता

# भारतीय दर्शन से ही विश्व कल्याण संभव

विश्व के हर कोने में आज अशांति का वातावरण बना हुआ है। कई देश आपस में युद्ध में उलझे हुए हैं। कथित शक्तिशाली देश दूसरे कमजोर मुल्कों पर उनके संसाधनों के लालच में बलात कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं। अमेरिका और वेनेजुएला का प्रकरण पूरे विश्व के सामने है। दुर्भाग्य से पूरा विश्व, संयुक्त राष्ट्र संघ और तमाम बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन इस पर चुप हैं। ईरान में वहां की जनता 1979 की तथाकथित इस्लामिक क्रांति के विरुद्ध बिगुल बजाए हुए है और अपनी मूल पहचान पर गर्व कर रही है। सोशल मीडिया पर ईरानी महिलाएं अपनी पहचान को खुल कर स्वीकार कर रही हैं। उधर, बांग्लादेश में वहां का अल्पसंख्यक हिंदू समूह राजनीतिक संरक्षण प्राप्त चरमपंथियों का शिकार बन रहा है। तथाकथित अमन और शांति के पैरोकार इस वक्त खामोश हैं। पश्चिम की कथित लिबरल नीतियों ने संयुक्त अरब अमीरात के शासकों को भी भयभीत कर रखा है। वे अपने छात्रों को ब्रिटेन और यूरोप के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए भेजने से डरने लगे हैं कि कहीं उनके छात्र यूरोप के विश्वविद्यालयों में लिबरल नीतियों के कारण संरक्षण पा रही जेहादी मानसिकता के शिकार नहीं हो जाएं। आज की वैश्विक परिस्थितियां यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या केवल राजनीतिक क्रांतियां, सत्ता परिवर्तन या वैचारिक कट्टरता मानव समाज को स्थायी शांति और समानता की ओर ले जा सकती हैं। ईरान में इस्लामी शासन के विरुद्ध उठती आवाज़ें, महिलाओं के समान अधिकारों की मांग, धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध असंतोष और सामाजिक स्वतंत्रता की आकांक्षा इस बात का प्रमाण हैं कि जब कोई विचारधारा मानव स्वभाव, विविधता और गरिमा के विपरीत जाती है, तो अंततः उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया जन्म लेती है। ईरान की वर्तमान स्थिति केवल राजनीतिक असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और सांस्कृतिक बेचैनी को भी दर्शाती है। कट्टर धार्मिक व्याख्याओं के कारण व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश, महिलाओं के अधिकारों पर प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन और आधुनिक जीवन मूल्यों के साथ टकराव, इन सबने समाज में असंतोष को जन्म दिया है। महिलाएं केवल वस्त्रों या बाहरी आचरण के प्रश्न पर नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व, सम्मान और समान अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह संघर्ष इस बात को रेखांकित करता है कि कोई भी व्यवस्था, जो समानता और मानवीय गरिमा को नकारती है, लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकती। भारत का सनातन दर्शन मूलतः "अहं ब्रह्मास्मि" और "तत्वमसि" जैसे सूत्रों के माध्यम से प्रत्येक जीव में एक ही चेतना को देखता है। यहां स्त्री और पुरुष के बीच मौलिक स्तर पर कोई भेद नहीं, बल्कि दोनों को सृजन के पूरक रूप में स्वीकार किया गया है। वैदिक काल से लेकर उपनिषदों तक गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी विदुषी स्त्रियां इस बात का प्रमाण हैं कि ज्ञान, संवाद और आध्यात्मिक विमर्श में स्त्रियों की भूमिका केंद्रीय रही है। इसके विपरीत जब किसी धर्म या विचारधारा की संकीर्ण व्याख्या स्त्री को द्वितीय श्रेणी में धकेल देती है, तो वह समाज को भीतर से कमजोर करती है। ईरान में चल रहा संघर्ष इसी असंतुलन का परिणाम है। कट्टरता मानव का मूल स्वभाव नहीं है। मानव का मूल स्वभाव सबका साथ और सबका विश्वास और सबका कल्याण है। आज पूरा यूरोप आतंकवाद से पीड़ित है। धार्मिक उग्रवाद और वैचारिक कट्टरता ने वहाँ की सामाजिक संरचना, सुरक्षा और सांस्कृतिक संतुलन को चुनौती दी है। दूसरी ओर अमेरिका की विदेश नीति पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह दूसरे देशों पर प्रभुत्व या नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे वैश्विक असंतुलन और संघर्ष बढ़ते हैं। इसके विपरीत भारत का इतिहास देखें तो भारत ने कभी भी विस्तारवादी आक्रमण की नीति नहीं अपनाई। योग, आयुर्वेद, बौद्ध दर्शन, उपनिषद, भगवद्गीता और संत परंपरा के माध्यम से भारत का दर्शन पूरे विश्व में फैला है। आज जब विश्व वैचारिक ध्रुवीकरण और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, तब भारत का सनातन दर्शन एक दीपस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है। ईरान की सामाजिक उथल-पुथल, यूरोप की आतंकवाद से पीड़ा और अमेरिका की प्रभुत्ववादी नीतियों के बीच भारत यह स्मरण कराता है कि शांति का मार्ग हिंसा, कट्टरता या वर्चस्व में नहीं, बल्कि समानता, सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व में है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" केवल भारत की विरासत नहीं, बल्कि विश्व का भविष्य है। यदि मानवता को वास्तव में शांति और कल्याण की ओर बढ़ना है, तो उसे भारत के इसी सनातन दर्शन की ओर लौटना होगा, जहां सबका अस्तित्व सुरक्षित हो और सबका कल्याण सुनिश्चित हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## छोटे- छोटे संकल्प आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बेटियों की लोहड़ी भी जरूर मनाएं**

भारत का प्रसिद्ध त्योहार लोहड़ी हमें बुराई और अनैतिक कामों की राह पर न जाने का संदेश देता है। लोहड़ी से जुड़ी एक कहानी यह भी है कि मुगल शासक अकबर के शासनकाल में पंजाब में दुल्ला भट्टी नाम का एक युवक था। इन्होंने लड़कियों की सुरक्षा के लिए काम किया था। पाकिस्तान में स्थित संदलबार क्षेत्र में लड़कियों की खरीद-फरोख्त उस वक्त होती थी। दुल्ला भट्टी ने इस घटिया कारोबार का भांडा फोड़ा था और लड़कियों की रक्षा की थी। दुल्ला भट्टी के इस महान काम के कारण इसे नायक की उपाधि भी दी गई। इसलिए लोहड़ी के दिन दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि संकीर्ण सोच छोड़कर बालिकाओं का सम्मान किया जाए।

*– सुरेश ठाकुर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

**इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ा**



2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जिससे रोजगार सृजित हुए और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ा। 2026 में भी यह गति जारी रहेगी क्योंकि चार सेमीकंडक्टर संयंत्र व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देंगे।

**- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना मंत्री**

**सीएसपीओसी की मेजबानी**



समृद्ध संसदीय लोकतंत्र का गौरवशाली प्रतीक भारत, 14 से 16 जनवरी 2026 तक राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करने जा रहा है।

**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**

**ड्रेनेज व्यवस्था विकसित**



दिल्ली में जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को लेकर दिल्ली सरकार का काम सिर्फ बरसात के दिनों तक सीमित नहीं है। सालभर, लगातार और सिस्टम के साथ एक मजबूत ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दिशा में 4 बड़े ट्रंक ड्रेनों का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

**बजट पूर्व चर्चा**



नारी शक्ति ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। हमारी सरकार इसी विजन को विकास की धुरी बना रही है। इसी विजन को लेकर आज मुख्यमंत्री कार्यालय में आगामी बजट के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# सिंगापुर में दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया



सिंगापुर में एक राजमार्ग से 'जल्द ही संकटग्रस्त होने वाली' श्रेणी में शामिल एक दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया है और उसे छोड़ने से पहले स्वस्थ अवस्था में लाया जा रहा है। यहां एक पशु कल्याण समूह ने यह जानकारी दी। एनिमल कंसर्न्स रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी (एसीआरईसी) ने 11 जनवरी को परेशान हालत में दिखे प्रवासी पक्षी को बचाया था। समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कलई वनन बालकृष्णन ने यह जानकारी दी। फिलहाल एसीआरईसी की पशु चिकित्सा टीम गिद्ध की देखभाल कर रही है। टीम ने गिद्ध के पूरी तरह स्वस्थ होने और फिर उसे जंगल में छोड़े जाने की उम्मीद जताई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' ने सोमवार को एक खबर में बालकृष्णन के हवाले से कहा, 'शरीर में पानी की कमी, कमजोरी और लंबी यात्रा के कारण थकान जैसी शुरुआती स्वास्थ्य समस्याएं गिद्ध में दिख रही हैं।' उन्होंने कहा कि 11 जनवरी की दोपहर को एक व्यक्ति ने एसीआरईसी को गिद्ध के बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद तीन सदस्यीय बचाव टीम ने राजमार्ग पर घूम रहे गिद्ध को सुरक्षित पकड़ लिया। इससे पहले वह एक नहर में अटका हुआ था। हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में आम तौर पर पाए जाने वाले हिमालयी गिद्ध सिंगापुर में बहुत कम देखे जाते हैं।

## ऑफ बीट

# बढ़ापे में दिमाग दुरुस्त रखने में जैविक घड़ी की अहम भूमिका



मानव शरीर में मौजूद 24 घंटे की जैविक घड़ी चुपचाप यह समन्वय करती है कि हम कब सोते हैं, जागते हैं, खाते हैं और आराम करते हैं। यह आंतरिक समय प्रबंधन प्रणाली अंगों और हार्मोन को तालमेल बैठाकर काम करने में मदद करती है। हालांकि, जब जैविक घड़ी अव्यवस्थित हो जाती है, तो इसके प्रभाव खराब गुणवत्ता वाली नींद से कहीं अधिक व्यापक हो सकते हैं और ढलती उम्र में दिमागी सेहत में गिरावट का कारण भी बन सकते हैं। बुजुर्गों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की जैविक घड़ी अधिक व्यवस्थित होती है, उनके डिमेंशिया की चपेट में आने का जोखिम लगभग 50 फीसदी तक घट जाता है। जैविक घड़ी सोने का समय, हार्मोन का उत्पादन, हृदयगति और शरीर का तापमान सहित कई अन्य दैनिक शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है। व्यवस्थित जैविक घड़ी को अक्सर नींद की खराब गुणवत्ता से जोड़ा जाता है। विभिन्न अध्ययनों में खराब गुणवत्ता वाली नींद का डिमेंशिया और दिल की बीमारियों के बढ़ते जोखिम से सीधा संबंध पाया गया है। साल 2025 में किए गए अध्ययन में प्रतिभागियों की दिल की सेहत और रक्तचाप का भी विश्लेषण किया गया, जो अन्य कारकों के साथ-साथ नींद की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं।

### अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में फैला जानलेवा संक्रामक रोग

**कोलकाता।** कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि देश के विभिन्न हिस्सों में संक्रामक



बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। पिछले साल कई तरह के संक्रामक रोग अक्सर सुर्खियों में रहे। केरल में निपाह वायरस के मामलों ने खूब परेशान किया। अब पश्चिम बंगाल में भी निपाह का संक्रमण है। 70 फीसदी रोगियों की मौत होती है।

### अब पॉलीट्रॉमा आईसीयू में पानी, 14 को निकाला

**जयपुर।** यहां के सवाई मानसिंह अस्पताल के पॉलीट्रॉमा आईसीयू के पास सोमवार देर रात को पाइप से पानी का रिसाव हो गया, जिससे पूरे आईसीयू में पानी भर गया।



कर्मचारियों ने सूचना प्रशासन को दी। प्रशासन ने 14 गंभीर मरीजों को दूसरी जगह ट्रांसफर किया। इस अस्पताल में 3 महीने पहले न्यूरो आईसीयू में आग से 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### उपराष्ट्रपति ने नशामुक्त परिसर की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने,विकसित तथा



आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर सामूहिक प्रयास की जरूरत पर जोर देते हुए मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरंभ किया। साथ ही ई-संकल्प मंच और मोबाइल एप्लिकेशन का भी शुभारंभ किया।

### राज ठाकरे के बयान पर भड़के अयोध्यावासी

**अयोध्या।** यहां के साधु-संत और स्थानीय लोगों ने बताया कि राज ठाकरे को ऐसी भाषा का प्रयोग



नहीं करना चाहिए। पूरे देश में हिंदी भाषा बोली जाती है। जबरदस्ती किसी भी भाषा को नहीं बुलवाया जा सकता है। राज का बयान बेहद ही निंदनीय है और उनको माफी मांगनी चाहिए। अगर राज ऐसा करेंगे, तोमहाराष्ट्र के लोगों के साथ भी ऐसा होगा।

### सलेम अंतरराष्ट्रीय अपराधी, 2 दिन पैरोल दें

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बंबई हाई कोर्ट को बताया कि



1993 के मुंबई बम धमाका मामले में दोषी गैंगस्टर अबू सलेम एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की आपातकालीन पैरोल दी जा सकती है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मृत्यु का हवाला देकर 14 दिन की पैरोल मांगी थी। इसी पर सवाल उठा है।

## मराठी अस्मिता और गठबंधन के मुद्दे पर यहां गरमाई सियासत

# प्रचार समाप्त, राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंचे, सभी बता रहे अपनी दावेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में नगर निगम चुनाव इस बार सत्ता की कठिन परीक्षा बन गया है। 15 जनवरी को राज्य की 29 नगर निगमों में मतदान होना है, जिसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। मराठी अस्मिता, गठबंधन की मजबूती और बीएमसी की कुर्सी समेत कई मुद्दों को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंच गया है। आज यानी मंगलवार को इस चुनावी अभियान के प्रचार-प्रसार का आखिरी दिन है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में अपनी-अपनी दावेदारी प्रबल बताने में लगी हुई हैं। प्रचार के आखिरी दौर में भी कई बड़े नेता मैदान में उतर चुके हैं, जिसके चलते सियासी तापमान अपने चरम पर है। बता दें कि मतदान को देखते हुए राज्य सरकार ने 15 जनवरी यानी गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। वोटिंग सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी और नतीजे 16 जनवरी को आएंगे।

*15 को मतदान 29 नगर निगमों में चुनाव*

*227 वार्डों में बीएमसी में मतदान, 1,700 उम्मीदवार मैदान में*

*7.30 बजे सुबह से होगी वोटिंग*



बीएमसी

**बीएमसी में बड़ी लड़ाई**

पहले महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की बात करें तो मुंबई की सबसे बड़ी नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के लिए मुकाबला काफी दिलचस्प है। यहां 227 वार्डों के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं। बीएमसी चुनाव को सत्ता की सेमीफाइनल लड़ाई माना जा रहा है।

### नागपुर में सीएम फडणवीस ने किया रोड शो

चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में जबरदस्त रोड शो किया। वे बुलेट बाइक पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि चुनाव के बाद मुंबई में महायुति का मेयर बनेगा। सीएम फडणवीस ने साफ कहा कि बीएमसी की कमान मराठी हाथों में ही रहेगी। उन्होंने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि मराठी समाज खतरे में नहीं है, बल्कि कुछ राजनीतिक दलों का अस्तित्व खतरे में है। उनका कहना था कि महाराष्ट्र किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि सभी मराठियों का है।

### मराठी लोगों पर खतरा: राउत

दूसरी ओर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने फडणवीस



पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की वजह से ही मराठी लोग खतरे में है। राउत ने कहा कि ठाकरे परिवार किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम है और उन्हें डराने की जरूरत नहीं।

### पुणे में शिवसेना अकेले मैदान में

पुणे नगर निगम चुनाव में एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना



भाजपा से सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण अकेले चुनाव लड़ रही है। पार्टी नेता नीलम गोर्हे ने दावा किया कि शिवसेना इतनी सीटें जीतेगी कि नगर निगम के फैसलों में उसकी अहम भूमिका होगी।

## शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास

# सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, ये सूरज और चांद की तरह सदैव अमर रहेगा

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वो मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुजरात दौरे पर हैं। मंगलवार को अमित शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है।

### *पीएम ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था*



*बीती 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा।*

### *मंदिर पर नहीं हमारी आस्था पर किया था हमला*

शाह ने कहा कि एक हजार साल पहले महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और इसे तोड़ा। उसके बाद अन्य हमलावरों जैसे अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने भी हमले किए, लेकिन हर हमले के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। हमलावर तबाही में विश्वास रखते थे और मंदिर बनाने वालों का विश्वास रचना में। आज 1000 साल बाद हमलावर मिट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर अभी भी पूरे गर्व के साथ खड़ा है। शाह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमला सिर्फ एक मंदिर पर हमला नहीं था बल्कि ये हमारी आस्था, विश्वास और आत्म सम्मान पर हमला था। हमले का जवाब दूसरा हमला नहीं हो सकता। इसका उत्तर आत्म-सम्मान में छिपा है।

### यहां पर विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी,अध्ययन की सुविधा भी

शाह ने कहा कि दुनिया भर की बीएसएल लैब्स का अध्ययन करके यह तैयार की जा रही है। यहां पशुओं से होकर मानव तक पहुंचने वाले रोगों का भी अध्ययन करने की विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी। एक अध्ययन के अनुसार 60 से 70 प्रतिशत बीमारियां पशुओं से होकर इंसान तक पहुंचती हैं, इसलिए भारत ने वन हेल्थ मिशन के माध्यम से मानव और पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्यक्रम शुरू किया है।

### गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर समग्र विकास का आधार बनेगा

शाह ने गांधीनगर में गुजरात बायोटेक्नॉलजी रिसर्च सेंटर की बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी का शिलान्यास किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज गुजरात की धरती से हम भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा, बायो सेफ्टी और बायोटेक विकास के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर में बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी के शिलान्यास से आगामी दिनों में समग्र भारत के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र का एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभरेगा।

### पुणे के बाद भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी

शाह ने कहा कि पुणे की वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट के बाद यह भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी। परंतु, किसी राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही यह पहली लैब है, जिसका श्रेय गुजरात को जाता है। एक विशाल कॉम्प्लेक्स में 362 करोड़ की लागत से 11 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में देश की जैविक सुरक्षा का एक मजबूत किला बनने जा रहा है। हम दुनिया में हो रहे अत्याधुनिक रिसर्च से कई साल तक पिछड़े हुए थे, लेकिन बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी से बायो-टेक्नॉलजी क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को नए मौके मिलेंगे और भारत इस क्षेत्र में आगे निकल पाएगा।

## 'जन नायकन' रोकने का प्रयास हो रहा

# प्रधानमंत्री तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।

### पिछले हफ्ते मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था यह आदेश

'जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के मुताबिक, जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका ये अधिकार खत्म हो गया था। निर्माताओं ने सर्टिफिकेट देने की मांग के साथ अदालत का रुख किया था।

### अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

*अब मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। उच्चतम न्यायालय में इस चुनौती के पीछे मुख्य दलील ये है कि फिल्म को रिलीज करने से पहले सभी प्रॉसेस का पालन करना जरूरी है। साथ ही किसी भी तरह के सर्टिफिकेट जारी करने या रोकने के फैसले पर रिव्यू की संभावना बनी रहनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है, लेकिन इस कदम ने फिल्म के रिलीज को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है।*

## नितिन नबीन 20 जनवरी को संभालेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नबीन 19 जनवरी को अध्यक्ष पद के लिए भरेंगे नामांकन

### *युवा नेता नबीन वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह बनेंगे पार्टी अध्यक्ष*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन आगामी 20 जनवरी को जेपी नड्डा की जगह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाल सकते हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नबीन 19 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद हेतु नामांकन दाखिल करेंगे। इसके अगले दिन उनकी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हो जाएगी। नबीन के निर्विरोध चुने जाने की प्रबल संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर खासतौर पर मौजूद रहेंगे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा शासित राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भी मौजूद



रहेंगे।

सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष पद के लिए तीन सेट में नामांकन दाखिल किए जाएंगे। एक सेट पर 20 से अधिक निर्वाचित प्रदेश अध्यक्षों के हस्ताक्षर होंगे। दूसरे सेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के हस्ताक्षर होंगे। तीसरा सेट भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का होगा। यदि केवल एक ही नामांकन आता है, तो उसी दिन अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष चुनाव की तैयारियों को लेकर जेपी नड्डा की अध्यक्षता में एक अहम बैठक भी हुई। बैठक में नितिन नबीन के साथ बी एल संतोष, सुनील बंसल, अरुण सिंह और तरुण चुघ मौजूद रहे।

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन अगले हफ्ते पार्टी अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बिहार से पांच बार के विधायक नितिन नबीन को पिछले साल 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे और 20 जनवरी को उनके निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद से नबीन अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं। वह लगातार पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। नबीन पहले पार्टी में कई अहम संगठनात्मक पदों पर रह चुके हैं। इसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के बिहार अध्यक्ष का पद भी शामिल है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उनके निर्विरोध चुने जाने की पूरी संभावना है, क्योंकि किसी अन्य नेता के मैदान में उतरने की संभावना बेहद कम है।

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने संसदीय शिष्टमंडल से की भेंट

# भारत आए दक्षिण अफ्रीका और कैरीबियाई देश ग्रेनेडा के संसदीय शिष्टमंडल से की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स एंड प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस के अवसर पर भारत आए दक्षिण अफ्रीका और कैरीबियाई देश ग्रेनेडा के संसदीय शिष्टमंडल से भेंट की।

बिरला ने दक्षिण अफ्रीकी संसद की नेशनल काउंसिल ऑफ प्रोविंसेज़ के डेप्युटी चेयरपर्सन एल. गोवेंडर, उपाध्यक्ष डॉ. एनेली लॉट्रिएट और ग्रेनेडा की सीनेट अध्यक्ष डॉ. डेसिमा विलियम्स के नेतृत्व में आए शिष्टमंडल का आत्मीय स्वागत किया। शिष्टमंडल ने बिरला के साथ पारंपरिक रूप से लोहड़ी पर्व मनाया और अग्नि पूजन की परंपरा निभाई। बिरला ने भारतीय संस्कृति और पर्वों की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय त्योहार और सांस्कृतिक संवाद विश्वबंधुत्व, आपसी सम्मान और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। बैठक में भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच सौहार्द्रपूर्ण द्विपक्षीय संवाद हुआ, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय सहयोग, आपसी समझ को और मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने ऐतिहासिक मैत्रीपूर्ण संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

बिरला ने कहा कि महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला की विरासत दोनों देशों को लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशन के मूल्यों से जोड़ती है। ब्रिक्स और जी20 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत–दक्षिण अफ्रीका सहयोग को दोनों लोकतंत्रों के बीच विश्वास और साझेदारी की मजबूत नींव बताया गया। संसदीय शिष्टमंडलों के नियमित आदान-प्रदान और विधायी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर भी सहमति व्यक्त की।बैठक में भारतीय संसद की प्राइड संस्था के माध्यम से सांसदों और संसदीय अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। बिरला ने ग्रेनेडा की सीनेट अध्यक्ष डॉ. डेसिमा विलियम्स से भी मुलाकात की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संसदीय वार्ता में कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

# राजोरी के पास फिर दिखे ड्रोन सेना ने बरसाई गोलियां तो भागे

एजेंसी ▶▶ राजोरी

जिले में नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में मंगलवार शाम को एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। सेना ने ड्रोन पर गोलीबारी की तो वे गायब हो गए। माना जा रहा है कि गोली से, ड्रोन या तो कहीं गिरे हैं या फिर पाकिस्तान की तरफ वापस चले गए। रविवार शाम को राजोरी, पुंछ और सांबा जिले में पाकिस्तानी ड्रोनों की घुसपैठ हुई थी। शाम 7 बजे से साढ़े सात बजे के बीच पहले राजोरी के केरी सेक्टर के डूंग गाला और उसके बाद ठंडीकस्सी में ड्रोन देखे गए। केरी के डूंगा गाला में दो से तीन ड्रोन दिखते ही सेना ने उनपर गोलियां दागीं। इसके बाद ड्रोन गायब हो गए।

### पुंछ के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ट्रेकिंग, हाईकिंग और कैंपिंग पर बैन

पुंछ जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की ट्रेकिंग, हाईकिंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियों पर मंगलवार को तत्काल रोक लगा दी गई है। ये आदेश अगले दो महीने तक लागू रहेंगे। डीसी कार्यालय पुंछ से जारी आदेश में का गया है कि सुरक्षा व खूफिया एजेंसियों की तरफ से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कहा गया है कि जिले की सीमा में कुछ ऊंचाई वाले स्थानों पर किसी की व्यक्तिगत व दलों की आवाजाही जनसुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है।

## भाजपा ने घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ममता पर साधा निशाना

# टीएमसी अब 'डेमोक्रेसी' से हटकर 'मोबोक्रेसी' के रास्ते पर चलेगी: भाजपा

### *टीएमसी ने कई बार यह प्रमाणित किया है कि उसका स्वभाव लोकतंत्र के अनुकूल नहीं: तुहिन सिन्हा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर बार बार लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने का आरोप लगाया है। पार्टी ने आईपैक पर ईडी की रेड रोकने की कोशिश, बीएलओ की आत्महत्या, उत्तरपारा गैंगरेप और महिला आयोग की सदस्य को धमकाने जैसी घटनाएं का जिक्र करते हुए कहा टीएमसी अब एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि अपराधियों को संरक्षण देने वाला माफिया तंत्र बन चुकी है, जहां लोकतंत्र की जगह 'मोबोक्रेसी' ने ले ली है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए ये बातें कही। सिन्हा ने कहा कि ममता बनर्जी ने पिछले गुरुवार को ईडी की पूरी प्रक्रिया को बाधित करते हुए जिस तरह हिंसक रास्ता चुना, उससे उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को एक बहुत स्पष्ट संदेश दे दिया है कि टीएमसी अब 'डेमोक्रेसी' से हटकर 'मोबोक्रेसी' के रास्ते पर चलेगी। टीएमसी को जमीनी हकीकत का पूरा अंदाजा है कि किस तरह लोगों में आक्रोश है और किस तरह एंटी-इन्कम्बेंसी चरम पर पहुंच चुकी है।

सिन्हा ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में टीएमसी ने कई बार यह प्रमाणित किया है कि उसका स्वभाव आधुनिक लोकतंत्र के अनुकूल नहीं है। जिस तरह टीएमसी ने बार-बार लोकतांत्रिक प्रक्रिया को रौंदने का प्रयास किया है, उसी क्रम में पिछले 24 घंटों के दौरान दो-तीन बड़ी घटनाएं सामने आई हैं, जो टीएमसी की हिंसात्मक प्रवृत्ति को भी दर्शाते हैं और यह दिखाते हैं कि किस प्रकार टीएमसी एक आधुनिक लोकतंत्र के लिए खतरा बनती जा रही है? यह 6 दिनों से लगातार चल रहा है और इसमें एक-एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया, जब ईडी ने आईपैक के दफ्तर में रेड की। टीएमसी स्वयं आईपैक को अपना पॉलिटिकल आर्म बताती रही है और कई वर्षों से आईपैक टीएमसी के लिए इलेक्शन मैनेजमेंट का काम देख रही थी। ऐसे में जब आईपैक के ऑफिस में रेड हुई और इस बात की जांच शुरू हुई कि कोल घोटाले में सक्रिय मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क से क्या आईपैक को भी नेटवर्क का हिस्सा थी? इसी जांच के तहत ईडी कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान ममता कार्रवाई को रोकने का प्रयास करती हैं। सिन्हा ने कहा कि रेड के दौरान ममता वहां से कुछ फाइलें लेकर बाहर निकलती हैं, जो वर्ष 2022 की थीं, लेकिन आरोप यह लगा रही हैं कि उनके खिलाफ रेड इसलिए कराई गई ताकि 2026 के चुनाव की उनकी तैयारियों को भांपा और समझा जा सके। जबकि हकीकत यह थी कि जिन फाइलों को वे साथ लेकर निकली थीं, वे 2022 की थीं। पिछले 48 घंटों के भीतर कुछ ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जो टीएमसी की मंशा पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। अब दो बड़े विषय सामने आए हैं। पहला,मुर्शिदाबाद का है, जहां एक बीएलओ ने आत्महत्या कर ली।ॉ टीएमसी ने इस मामले में भी यह आरोप लगाया कि उस बीएलओ पर वर्क प्रेशर बहुत ज्यादा था और इलेक्शन कमीशन के दबाव के कारण उसे मजबूरन आत्महत्या करनी पड़ी। लेकिन जो तथ्य सामने आए हैं, वे इस दावे के बिल्कुल विपरीत हैं। हमीमुल इस्लाम बीएलओ अधिकारी के रूप में कार्यरत था। टीएमसी के एक स्थानीय नेता बुलेट खान ने उससे 20 लाख रुपए उधार लिए और बार-बार मांग करने के बावजूद पैसे वापस नहीं कर रहा था। ऐसी स्थिति में हमीमुल इस्लाम गंभीर वित्तीय दबाव और उत्पीड़न में था, और उसी दबाव के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

# हरमनप्रीत कौर की नाबाद पारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने गुजरात जाइंट्स को हराया

भाषा ▶▶| नवी मुंबई

भारत की विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 71 रन की मदद से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को गुजरात जाइंट्स को सात विकेट से हराया। यह गुजरात जाइंट्स की टूर्नामेंट में पहली हार थी। इससे पहले निचले क्रम पर भारती फुलमाली और जॉर्जिया वेयरहैम की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात जाइंट्स ने पांच विकेट पर 192 रन बनाये थे। जीत के लिये कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए हरमनप्रीत ने 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टूर्नामेंट में उनका दसवां अर्धशतक था। इसके साथ ही उन्होंने डब्ल्यूपीएल में एक हजार रन भी पूरे कर लिये। वह 43 गेंद में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 71 रन बनाकर नाबाद रही और मुंबई ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। मुंबई के दो विकेट पावरप्ले के भीतर ही 37 रन पर गिर गए थे। इसके बाद हरमनप्रीत ने अमनजोत कौर (26 गेंद में 40 रन) के साथ 44 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। अमनजोत के आउट होने के बाद निकोला कैरी ने कप्तान का साथ निभाते हुए 22 गेंद में नाबाद 37 रन बनाये जिसमें छह चौके शामिल थे। दोनों ने 43 गेंद में 84 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिलाई। इससे पहले गुजरात की पारी में वेयरहैम 33 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाकर नाबाद रही। वहीं फुलमाली ने 15 गेंद में नाबाद 36 रन बनाये जिसमें तीन छक्के और तीन चौके शामिल थे। आयुषी सोनी के रिटायर्ड आउट होने के बाद वह बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आई थीं।



## वनडे सीरीज पर कब्जे के लक्ष्य के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

**राजकोट।** विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 जनवरी को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं।

संन्यास की घोषणा

# एक युग का अंत, भारत सीरीज के बाद एलिसा छोड़ेंगीं बल्ला



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में से एक एलिसा हीली मार्च में भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाली तीन वनडे और एकमात्र महिला टेस्ट मैच की श्रृंखला में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी। हीली भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगी क्योंकि वह इस साल ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेगी।

### प्रतिस्पर्धात्मक भावना हुई कम

महिला क्रिकेट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हीली ने बयान में कहा, 'भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी श्रृंखला होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा जुनून अभी भी बरकरार है, लेकिन मेरे अंदर वह प्रतिस्पर्धात्मक भावना कुछ हद तक कम हो गई है, जिसने मुझे शुरुआत से ही प्रेरित किया है, इसलिए यह संन्यास लेने का सही समय लगता है।' उन्होंने कहा, 'यह जानते हुए कि मैं इस साल टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाऊंगी और टीम के पास तैयारी के लिए सीमित समय है, मैं भारत के खिलाफ टी20 मैचों का हिस्सा नहीं रहूंगी। लेकिन मुझे घरेलू मैदान पर अपना करियर समाप्त करने और भारत के खिलाफ वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी का अवसर मिलने से बहुत खुशी है।

## खबर संक्षेप



### राओनिच ने छोड़ा कोर्ट टेनिस से लिया संन्यास

**ओटावा।** विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे। राओनिच ने एक्स पर लिखा, 'अपने सपनों को साकार करने और उन्हें पूरा करने का मौका पाकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति मानता हूं। लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं टेनिस से संन्यास ले रहा हूं।'



### नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में खेलेंगे कार्लसन

**नई दिल्ली।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो इस बार स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेली जाएगी। कार्लसन पिछले 13 वर्षों में अपनी घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट में हमेशा खेलते रहे हैं लेकिन हाल में उन्होंने क्लासिकल शतरंज से दूरी बढ़ाने का फैसला किया था, जिससे उनका इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। नॉर्वे शतरंज क्लासिकल प्रारुप का टूर्नामेंट है और कार्लसन इसे सात बार जीत चुके हैं।

### ब्लिचफेल्ट ने नये आयोजन स्थल की आलोचना की, बीएआई ने किया खंडन

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन के नये आयोजन स्थल आईजी स्टेडियम में खेलने के हालात की आलोचना करते हुए कहा कि हॉल बदलने से खिलाड़ियों के लिये अस्वास्थ्यकर हालात में सुधार नहीं आया है हालांकि भारतीय बैडमिंटन संघ ने इसका खंडन किया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने अगस्त में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप को ध्यान में रखकर इस साल इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट केडी जाधव हॉल की बजाय इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कराया है। भारत 17 साल बाद विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी कर रहा है।

**विजय हजारे ट्रॉफी :** पंजाब के 4 बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक, मध्यप्रदेश टीम 162 रन पर सिमटी

# पंजाब ने बनाया 345 का विशाल स्कोर, मप्र को 183 रन से हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब ने मध्यप्रदेश को 183 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पंजाब ने कप्तान प्रभसिमरन सिंह के 86 गेंद में 88 रन, अनमोलप्रीत सिंह के 62 गेंद में 70, नेहाल वढेरा के 38 गेंद में 56 और हरनूर सिंह के 71 गेंद में 51 रन की मदद से छह विकेट पर 345 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 15 गेंद में 24 रन बनाए। मध्यप्रदेश के लिए त्रिपुरेश सिंह और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम 31.2 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई।



### प्रभसिमरन और हरनूर ने जोड़े 166 रन

पहले गेंदबाजी का अय्यर का फैसला सफल नहीं रहा और पंजाब को शानदार शुरुआत देते हुए प्रभसिमरन और हरनूर ने पहले विकेट के लिए 21 ओवर में 166 रन जोड़े। आर्यन पांडे नू 22वें ओवर में हरनूर को आउट करके मध्यप्रदेश को पहली सफलता दिलाई। लेकिन इसके बाद अनमोलप्रीत ने आकर तेजी से रन बनाना जारी रखा। प्रभसिमरन हालांकि शतक से चूक गए और कुलदीप सेन की गेंद पर 30वें ओवर में सारांश जैन को कैच दे बैठे। नमन धीर भी 23 रन बनाकर आउट हो गए और एस समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 199 रन था। वढेरा ने चौथे विकेट के लिए अनमोलप्रीत के साथ 76 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब

जवाब में मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब रही और 17वें ओवर में उसके पांच विकेट 66 रन पर गिर गए थे। रजत पाटीदार 40 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए तब स्कोर सात विकेट पर 132 रन था। पाटीदार के अलावा त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब के लिए सनवीर सिंह ने छह ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### क्वार्टर फाइनल में विदर्भ ने दिल्ली को 76 रन से हराया

पिछले सत्र के उपविजेता विदर्भ ने अनुशासित और ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 76 रन से हराकर विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ सेमीफाइनल में कर्नाटक का सामना करेगा। पिछले सत्र में इन दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला गया था। सौराष्ट्र शुक्रवार को होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में पंजाब का सामना करेगा।

### विदर्भ ने बनाए 300/9 रन

विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 300 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 86 और सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने 62 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई। विदर्भ की तरफ से तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे ने 7.1 ओवर में 51 रन देकर चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान हर्ष दुबे ने भी नौ ओवरों में 36 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि नई गेंद के गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने 54 रन देकर दो विकेट लेकर उपयोगी योगदान दिया।

### रावत ने दिल्ली के लिए किया संघर्ष

विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने दिल्ली के लिए अकेले संघर्ष करते हुए 98 गेंदों पर 66 रन बनाए, लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रावत ने शीर्ष और मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बाद पारी को संभालने की कोशिश की और मयंक गुसांई (18), हर्ष त्यागी (27) और ऋतिक शोकीन (21) के साथ उपयोगी रन जोड़े।

## सीए कटप्पा फिर भारतीय पुरूष मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच बने

**नई दिल्ली।** द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त सी ए कटप्पा की तीसरी बार भारतीय पुरूष मुक्केबाजी टीम के कोच के तौर पर वापसी हो रही है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। वह भारतीय खेल प्राधिकरण रोहतक के कोच धरमेंद्र यादव की जगह लेंगे जिनकी पिछले साल नियुक्ति हुई थी। यादव पुरूष कोचिंग ढांचे का हिस्सा बने रहेंगे। बीएफआई के कार्यकारी निदेशक कर्नल अरूण मलिक ने पीटीआई से कहा, "सीए कटप्पा को कोच बनाया गया है और धर्मेंद्र यादव कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रहेंगे।' पिछले कुछ समय से भारतीय पुरूष मुक्केबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण यह फैसला लिया गया है। पेरिस ओलंपिक 2024 में सिर्फ दो पुरूष मुक्केबाज जगह बना सके और लिवरपूल में 2025 विश्व चैम्पियनशिप में भारत का कोई भी पुरूष मुक्केबाज 12 साल में पहली बार एक भी पदक नहीं जीत सका। कटप्पा तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरूष मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। वह भारत के राष्ट्रीय मुक्केबाजी सहयोगी स्टाफ का हिस्सा थे जब 2008 बीजिंग ओलंपिक में विजेंदर सिंह ने इस खेल में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाया था।



एसए20

## प्रिटोरिया कैपिटल्स ने मुंबई केपटाउन को दी शिकस्त

रदरफोर्ड ने खेली विस्फोटक पारी



एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

साउथ अफ्रीका टी20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स और मुंबई केपटाउन के बीच सुपरस्पोर्ट पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शेरफेन रदरफोर्ड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 53 रन से जीत दर्ज की। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाए थे। प्रिटोरिया को शुरुआत अच्छी नहीं मिली थी और सलामी बल्लेबाज शाई होप मात्र 7 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आने वाले बल्लेबाजों ने छोटी-छोटी पारियां खेलते हुए और अहम साझेदारियां करते हुए स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। कॉनर एस्टरहुइजन ने 20 गेंद पर 24, विहान लुबे ने 19 गेंद पर 21, जॉर्डन कॉक्स ने 25 गेंद पर 24 रन बनाए।

### ब्रेविस-रदरफोर्ड ने की पांचवें विकेट के लिए तेज साझेदारी

12.4 ओवर में 89 पर 4 विकेट खो चुकी प्रिटोरिया के लिए डेवाल्ड ब्रेविस और शेरफेन रदरफोर्ड ने पांचवें विकेट के लिए 34 गेंद पर 69 रन की तेज साझेदारी की। इस साझेदारी ने प्रिटोरिया की पारी को गति दी। ब्रेविस 19 गेंद पर 3 छक्के और 1 चौके की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। रदरफोर्ड नहीं रुके और 27 गेंद पर 5 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 185 तक पहुंचाया। वह पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। रसेल 5 गेंद पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। 186 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी मुंबई केपटाउन 20 ओवर में 7 विकेट पर 132 रन बना सकी और 53 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रिजा हेंड्रिक्स 50 गेंद पर 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 68 रन बनाकर नाबाद रहे।

## ऑकलैंड एटीपी टेनिस से बाहर हुए मोनफिल्स

**ऑकलैंड।** मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स अपनी पत्नी एलिना स्वितोलिना की तरह करिश्मा दिखाने में नाकाम रहे और ऑकलैंड एटीपी टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार कर बाहर हो गए। मोनफिल्स की पत्नी स्वितोलिना ने तीन दिन पहले इसी कोर्ट पर अपना 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। फ्रांस का यह 39 वर्षीय खिलाड़ी एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में हंगरी के 26 वर्षीय खिलाड़ी फैबियन मारोज़सन से 5-7, 6-3, 6-4 से हार गया। मोनफिल्स ने 2025 में ऑकलैंड में खिताब जीता था। उन्होंने महिला एकल के फाइनल से पहले अपनी पत्नी एलिना से कहा था, 'अगर तुम इस साल नहीं जीत पाती हो तो मुझे नहीं पता कि मैं तुम्हें क्या कहूंगा।' स्वितोलिना और मोनफिल्स पति-पत्नी की उन गिनी चुनी जोड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में एक ही समय में एटीपी और डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं।



# होबार्ट में पहले दौर से बाहर हुईं वीनस

एजेंसी ▶▶| होबार्ट

वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही है। वीनस होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं।

वीनस को साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं। विश्व रैंकिंग में 576वें स्थान पर काबिज सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थीं।



ऑस्ट्रेलियाई ओपन रविवार से शुरू होगा। होबार्ट में पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेज्सिकोवा को पेटन स्टर्न्स से 6-4, 1-6, 7-6 (4) से हार का सामना करना पड़ा।

**इंडिया ओपन : लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे**

# लक्ष्य ने आयुष को 36 मिनट में हराया, दूसरे दौर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2022 के चैंपियन लक्ष्य ने आईजी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9,50,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयुष को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इंडिया ओपन में खेल रहे थे। चौबीस साल के लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे, जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया।



### लक्ष्य ने दिखाया बेहतर खेल

लक्ष्य ने बेहतर खेल दिखाया और परिस्थितियों से बेहतर ढंग से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। आयुष ने कुछ मौकों पर अच्छी टक्कर दी लेकिन लक्ष्य का बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव उनके काम आया।

### दूसरे दौर में लेई - वरदानी

कनाडा के विक्टर लेई ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि उनके हमवतन ब्रायन यांग ने उलटफेर करते हुए चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला एकल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी तथा थाईलैंड की अनुभवी सातवीं वरीय रतचानोक इंतानोन जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इक्कीस साल के विक्टर ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-12, 16-21, 21-8 से हराया जबकि यांग ने टिएन चेन को सीधे गेम में 21-19, 21-11 से शिकस्त दी।

### त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ने मारी दूसरे दौर में एंट्री

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ने सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने ओर्निचा जोंगसथापोनपार्न और सुकिता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। त्रीसा और गायत्री ने पूरे मैच के दौरान दमदार खेल दिखाया। भारतीय जोड़ी ने नेट पर शानदार खेल दिखाने के अलावा स्मैश से भी काफी अंक जुटाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में बेहतर शुरुआत की थी लेकिन त्रीसा और गायत्री वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109





एनएसए डोभाल और इमैनुएल बोन के बीच हुई सामरिक संवाद की 38वीं बैठक से निकला यह निष्कर्ष

# भारत-फ्रांस ने अपनी सामरिक भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए जताई प्रतिबद्धता

**जारी हुआ भारत की 2026 की ब्रिक्स की अध्यक्षता का लोगो, थीम और वेबसाइट**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बने हुए चिंताजनक सुरक्षा परिदृश्य के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में भारत और फ्रांस के बीच 38वें सामरिक संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कूटनीतिक सलाहकार इमैनुएल बोन शामिल हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस महत्वपूर्ण संवाद के दौरान दोनों मित्र देशों ने सामरिक भागीदारी को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए मजबूती के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। अगले फरवरी महीने में फ्रांस के राष्ट्रपति एआई इंपैक्ट समिट-2026 में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे। संवाद के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों की इस यात्रा की तैयारियों के मुद्दे की भी समीक्षा की गई।

**राष्ट्रपति मैक्रों के कूटनीतिक सलाहकार हैं बोन, उन्होंने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री से भी की मुलाकात**



वहीं, बोन ने संवाद से इतर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ मुलाकात की। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी शिष्टाचार भेंट हुई। जयशंकर ने बोन के साथ मुलाकात की जानकारी को एक्स पर पोस्ट, तस्वीरों के जरिए साझा किया है।

## रक्षा, सुरक्षा समेत अन्य विषयों पर हुई चर्चा

दोनों पक्षों की वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और नागरिक परमाणु सहयोग जैसे क्षेत्रों को लेकर जारी मौजूदा कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संयुक्त विकास और सहयोग से जुड़े अवसरों को तलाशने पर भी जोर दिया गया है। जिसमें भारत ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को केंद्र में रखा। एनएसए डोभाल और इमैनुएल बोन के बीच बातचीत में उभरती हुई भू-राजनीतिक परिस्थिति के साथ-साथ साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी चर्चा की गई है। भारत और फ्रांस के प्रतिनिधियों ने संवाद में वैश्विक सुरक्षा माहौल के मध्य बनी हुई चुनौतियों का निपटारा करने को लेकर दोनों देशों के निकट सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया। जिससे शांति और स्थिरता के लक्ष्य को और अधिक बढ़ावा मिलता है।

## भारत ने जारी की ब्रिक्स की थीम, लोगो

वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मौजूदा वर्ष-2026 में की जाने वाली भारत की ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता को लेकर बनाई गई थीम, लोगो और वेबसाइट जारी की है। विदेश मंत्रालय ने बताया, यह साल इसलिए भी खास है। क्योंकि इसमें ही ब्रिक्स की स्थापना के दो दशक यानी 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की समूह की अध्यक्षता के दौरान रहने वाली सोच मानवता सबसे पहले और आम लोगों पर केंद्रित रहेगी। जिसे हम प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाएंगे। भारत की ब्रिक्स की थीम, 'बिल्डिंग फॉर रेजीलिएंस, इनोवेशन, कॉपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' रहेगी। जो ब्रिक्स सदस्यों के बीच सहयोग से साझा चुनौतियों के संतुलित और समावेशी समाधान निकालने की हमारी सोच, विश्वास पर आधारित है। ब्रिक्स का हमारा लोगो भारत की इसी सोच को प्रदर्शित करता है। जिसमें परंपरा और आधुनिकता दोनों तत्व मौजूद हैं और इसकी पंखुड़ियों में सभी ब्रिक्स देशों के रंग शामिल हैं। यह विविधता में एकता और साझा उद्देश्य को दर्शाता है। समूह की वेबसाइट भारत की अध्यक्षता के दौरान समान प्लेटफार्म की भूमिका निभाएगी। जिससे आगामी 12 महीनों में होने वाली बैठकों, कदमों और परिणामों के बारे में अत्यधिक पारदर्शिता के साथ रियल टाइम सूचना प्रदान की जाएगी। समूचे साल में सूचनाओं का समयबद्ध वितरण भी वेबसाइट का हिस्सा बनेगा।

'सीपैक' के निर्माण पर जताई गई भारत की आपत्तियों को चीन ने किया खारिज

# बोला, शक्सगाम घाटी उसका अपना वैध इलाका है, ऐसे में भारत का विरोध जायज नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बनाए जा रहे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपैक) के मामले पर बीते दिनों भारत द्वारा जताई गई कड़ी आपत्ति को चीन ने खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि जिस शक्सगाम घाटी को भारत अपना क्षेत्र बता रहा है। वो दरअसल उसका नहीं बल्कि चीन का अपना वैध इलाका है। ऐसे में वहां पर पाकिस्तान के साथ जारी सीपैक परियोजना का निर्माण किसी भी लिहाज से गलत या अवैध नहीं है। यह पूरी तरह से वैध है। इसके अलावा चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते और सीपैक के निर्माण के साथ कश्मीर पर बने हुए उसके पुराने रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। यह जानकारी एक हालिया मीडिया ब्रीफिंग में चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में दी है।

## समझौते से चीन-पाक ने तय की सीमा

माओ निंग ने यह भी कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच 1960 के दशक में एक सीमा संबंधी समझौता हुआ था। जिसके तहत दोनों देशों ने अपने बीच सीमाओं का निर्धारण किया था। समझौता क्षेत्र के दो संप्रभु देशों और उनके बीच अधिकारों को प्रदर्शित करता है। जबकि सीपैक का निर्माण चीन द्वारा इलाके में स्थानीय स्तर पर लोगों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के मद्देनजर किया जा रहा है।

## शक्सगाम घाटी भारत का अभिन्न अंगः जायसवाल

बीते दिनों नई दिल्ली में हुई मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि चीन और पाकिस्तान के बीच जारी सीपैक परियोजना का निर्माण पूरी तरह से अवैध है। क्योंकि यह इलाका पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में पड़ता है। जो भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है। उन्होंने ये भी कहा था कि जम्मू-कश्मीर से लेकर लद्दाख तक का समूचा क्षेत्र भारत के क्षेत्राधिकार में आता है। वह पाकिस्तान द्वारा चीन को 1963 में शक्सगाम क्षेत्र को अवैध रूप से हस्तांतरित करने के लिए हुए समझौते को मान्यता नहीं देता है। इसलिए वहां जारी सीपैक परियोजना का निर्माण भी अवैध है। इस संबंध में हमने अपना विरोध कई मौकों पर चीन के समक्ष दर्ज कराया है। साथ ही इलाके में अपने अधिकारों की रक्षा करने के लिए भारत हर जरूरी कदम उठाने का अधिकार रखता है।

## विदेश मंत्री ने संसद में साफ किया रुख

वहीं, मामले की गूंज बीते साल के मध्य में संसद में भी सुनाई दी थी। जिसमें खुद विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने विपक्ष की तमाम आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा था पाकिस्तान और चीन के बीच पिछले करीब छह दशक से जारी सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक तालमेल का पैटर्न भारत के लिए दो मोर्चों पर खतरे की चुनौती बना हुआ है। ऐसे में यह वर्तमान तनाव का परिणाम नहीं है। जिसे देखते हुए अब देश की रक्षा और कूटनीति को भली-भांति समझना होगा।